वर्ष 24, अंक 258, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 28 मार्च 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### सीएमएस को पीएम मोदी का साफ संदेश

## भारत में लॉकडाउन नहीं लगेगा



**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी और राज्यों के मुख्यमंत्रियों के बीच हुई अहम वर्चुअल बैठक हुई. मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के बंद होने के खतरे को देखते हुए बुलाई गई यह बैठक करीब दो घंटे तक चली. इस बैठक में पीएम मोदी ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों को साफ संदेश देते हुए कहा कि हमें टीम इंडिया की तरह काम करना है. साथ ही उन्होंने साफ कर दिया है कि मौजूदा संकट की वजह से देश में कोई लॉकडाउन नहीं लगेगा. पीएम मोदी ने कुछ दिन पहले ही देश को आगाह किया था कि मिडिल ईस्ट का यह संकट भारत के लिए लंबी मुसीबतें खड़ी कर सकता है. केंद्र सरकार अपनी तरफ से हर मुमकिन कदम उठा रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर इन योजनाओं को कामयाब बनाने की असली जिम्मेदारी राज्यों के कंधों पर है. इसलिए, उन्होंने मुख्यमंत्रियों से अपील की है कि वे अपने-अपने राज्यों में ऐसी व्यवस्था करें जिससे आम आदमी की जरूरत की चीजों पर कोई आंच न आए. उन्होंने याद दिलाया कि जब देश संकट में होता है, तो केंद्र और राज्यों को मिलकर एक परिवार की तरह लड़ना पड़ता है. प्रधानमंत्री मोदी ने इस स्थिति की तुलना ठीक 6 साल पहले आई कोरोना महामारी से की है. उन्होंने कहा कि जिस तरह कोविड-19 के दौरान केंद्र और राज्यों ने 'टीम इंडिया' बनकर काम किया था, आज फिर उसी जज्बे की जरूरत है. आपको याद होगा कि मार्च 2020 में जब पूरी दुनिया थम गई थी, तब पीएम मोदी ने मुख्यमंत्रियों के साथ लगातार मीटिंग्स का सिलसिला शुरू किया था. उस वक्त पहली मीटिंग 20 मार्च 2020 को हुई थी, जिसके ठीक चार दिन बाद देश में तीन हफ्ते का लॉकडाउन लगा था. उस मुश्किल दौर में उन्होंने एक दर्जन से ज्यादा बार मुख्यमंत्रियों से बात की थी ताकि टेस्टिंग, ट्रैकिंग और इलाज में कोई कमी न रहे.

2021 में जब वैक्सीनेशन का दौर आया, तब भी पीएम मोदी ने संघीय ढांचे की मजबूती पर भरोसा जताया था. उन्होंने राज्यों पर वित्तीय बोझ कम करने के लिए 18 साल से ऊपर के सभी लोगों को मुफ्त वैक्सीन देने का एलान किया था. उन्होंने साफ कहा था कि वैक्सीन पर किसी भी राज्य सरकार को एक पैसा खर्च करने की जरूरत नहीं है. उस समय राज्यों ने भी राजनीति से ऊपर उठकर केंद्र का साथ दिया था, जिसकी तारीफ पीएम मोदी ने खुद अपने एक लेख में भी की थी. उन्होंने इसे भागीदारी का एक नया मॉडल बताया था.

आज जब मिडिल ईस्ट के युद्ध के कारण तेल की कीमतें बढ़ने और सप्लाई चेन टूटने का डर सता रहा है, तो पीएम मोदी का राज्यों को पुकारना दिखाता है कि भारत की असली ताकत उसकी एकजुटता में है. 'टीम इंडिया' का यह नया मंत्र आज की बैठक में सबसे बड़ा हथियार बनने वाला है. सरकार की कोशिश है कि मिडिल ईस्ट की आग की लपटें भारत की अर्थव्यवस्था और आम जनता की रसोई तक न पहुंचें.

**ईंधन और महंगाई पर मंथन जारी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में चल रही इस वर्चुअल बैठक में पश्चिम बंगाल, असम, केरल, पुडुचेरी और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री शामिल नहीं हो सके हैं. इन 5 राज्यों में चुनाव की वजह से आचार संहिता लागू है, जिसके चलते वे इस चर्चा का हिस्सा नहीं बन पाए।

## पश्चिम बंगाल में रामनवमी पर जुलूस के दौरान भड़की हिंसा

### मुर्शिदाबाद में उपद्रवियों ने की आगजनी-तोड़फोड़



**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम** बंगाल के मुर्शिदाबाद में रामनवमी जूलुस के दौरान झड़प हो गई. सड़कों पर आगजनी, तोड़फोड़, पत्थरबाजी और भारी अफरा-तफरी की खबरें सामने आई है. बीजेपी के आरोपों के मुताबिक, शोभायात्रा मैकेंजी पार्क से शुरू हुई थी और जैसे ही यह फुलतला मोड़ के पास पहुंची, इस पर हमला कर दिया गया. आरोप है कि रामनवमी शोभायात्रा पर पत्थर और ईंटें फेंकी गईं, जिससे कई लोग घायल हो गए.

**पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया**

बीजेपी का दावा है कि शोभायात्रा के आगे बढ़ने के बाद, उस पर फिर से हमला किया गया. इस घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया. रैपिड एक्शन फोर्स और कॉम्बैट फोर्स की टीमों को तुरंत मौके पर भेजा गया. घटना के बाद, मुर्शिदाबाद रेंज के [illegible] अजीत सिंह यादव पुलिस की एक बड़ी टुकड़ी के साथ इलाके में पहुंचे. उन्होंने बताया कि अब हालात काबू में हैं. कई लोगों को हिरासत में लिया गया है. इलाके में पुलिस गश्त जारी है.

**बीजेपी ने ममता बनर्जी पर तुष्टीकरण का आरोप लगाया**

बीजेपी के सीनियर लीडर और बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें दो शख्स भगवा झंडे के गिराते नजर आ रहा है. उन्होंने पूछा कि क्या पश्चिम बंगाल में रामनवमी के पवित्र अवसर पर सनातनियों द्वारा पवित्र भगवा ध्वज फहराना कोई अपराध है? उन्होंने सीएम ममता बनर्जी पर तुष्टीकरण का आरोप लगाया।

## हाईवे पर खड़े ट्राला से भिड़ी पिकअप 8 श्रद्धालुओं की मौत दर्जनों घायल



**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशांबी** । सैनी कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग कानपुर प्रयागराज हाईवे पर डोरमा पेट्रोल पम्प के पास शुक्रवार की दोपहर 3:30 बजे सड़क पर खड़े ट्राला से श्रद्धालुओं की पिकअप पीछे से टकरा गई है जिससे पिकअप में सवार श्रद्धालुओं में चीख पुकार मच गई है मौके पर आठ लोगों की मौत हो गई है दर्जनों लोग घायल है सामने से आ रहे वाहन को बचाने के चक्कर में सड़क पर खड़े ट्राला से श्रद्धालुओं का पिकअप वाहन टकरा गया है टक्कर इतनी जोरदार थी कि घटना स्थल पर कल्लो देवी दर्शनीया राजकुमारी मयंक सुखरानिया अनुज गुड़िया देवी ध्रुव सहित आठ लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है सड़क पर मृतकों के शव बिखर गए हैं इस हादसे में राजन शिमला देवी मइकी देवी सीमा देवी कमलेश मीरा देवी साधना देवी श्री कृष्ण लव कुश सहित दर्जनों लोग गंभीर घायल है जिनका कौशांबी के मेडिकल कॉलेज सहित प्रयागराज के विभिन्न अस्पताल में इलाज चल रहा है । दुर्घटना के बाद मौके पर आसपास के सैकड़ो लोग पहुंचे और बचाव एवं राहत कार्य में लग गए हैं सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है और मृतक लोगों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टपार्टम के लिए भेज दिया है घटनास्थल पर कोहराम मचा हुआ है । मृतक फतेहपुर जिले के जाफरगंज थाना क्षेत्र के निवासी बताए जाते हैं और नवरात्रि चैत्र नवमी पर शीतला धाम कड़ा का दर्शन करने आए थे उसके बाद अपने बच्चों के मुंडन संस्कार के लिए प्रयागराज गए थे प्रयागराज से पिकअप में सवार होकर लगभग 30 लोग फतेहपुर जनपद के जाफरगंज थाना क्षेत्र में वापस अपने घर लौट रहे थे लेकिन कौशांबी जिले के सैनी कोतवाली क्षेत्र में हादसे की शिकार हो गए हैं ।

## दिल्ली एनसीआर की हवा होगी साफ?



**नई दिल्ली**

**वायु** गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने धूल प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में निर्माण और विध्वंस गतिविधियों पर सख्त नियम लागू किए हैं, जो 1 अप्रैल, 2026 से प्रभावी होंगे। 2026 में किए गए एक अध्ययन के अनुसार, धूल प्रदूषण के स्तर में महत्वपूर्ण योगदान देती है–सर्दियों में लगभग 15% और गर्मियों में 27%। इसे ध्यान में रखते हुए, उअदट ने धूल उत्पादन को सीमित करने और वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए नए निर्देश जारी किए हैं। CAQM के सदस्य (तकनीकी) एस.डी. अत्री ने कहा कि विध्वंस से उत्पन्न धूल प्रदूषण का एक प्रमुख स्रोत है, जिस पर कड़े नियंत्रण की आवश्यकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पहले विध्वंस कार्य अक्सर पर्याप्त योजना या सूचना के बिना ही किए जाते थे, जिसके परिणामस्वरूप धूल और मलबे का अनियंत्रित फैलाव होता था। निर्देश संख्या 97, 2026 के तहत, 200 वर्ग मीटर से अधिक के विध्वंस परियोजनाओं को निर्दिष्ट संग्रह केंद्रों पर कचरा जमा करना होगा, जिसमें सुलभ और वैज्ञानिक निपटान सुनिश्चित करने के लिए कम से कम एक केंद्र पांच किलोमीटर के दायरे में स्थित होना चाहिए।

नियमों में यह निर्दिष्ट है कि धूल के फैलाव को रोकने के लिए मलबे को ढके हुए वाहनों में ले जाया जाना चाहिए। अपशिष्ट निपटान का प्रमाण प्रस्तुत करने पर ही अधिभोग प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, रसीदें जारी करने और जीपीएस आधारित अपशिष्ट ट्रैकिंग को सुविधाजनक बनाने के लिए एक एकीकृत ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया जा रहा है।

## राजधानी का नाम बदलकर किया जाए इंद्रप्रस्थ

**नई दिल्ली**

**शुक्रवार** को विधानसभा के बजट सत्र में भाजपा की एक विधायक ने दिल्ली का नाम बदलकर इंद्रप्रस्थ करने की मांग उठाई। वजीरपुर से भाजपा विधायक पूनम शर्मा ने सदन में विशेष उल्लेख के माध्यम से अपनी बात रखी और कहा कि इससे शहर अपनी जड़ों से जुड़ सकेगा। उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से आग्रह करती हूं कि वे विधानसभा में दिल्ली का नाम बदलकर इंद्रप्रस्थ करने का प्रस्ताव पारित करें और इसे केंद्र सरकार की मंजूरी के लिए भेजें।

भाजपा विधायक ने जोर देकर कहा कि राष्ट्रीय राजधानी का नाम बदलना देश में सांस्कृतिक पुनर्जागरण का एक महत्वपूर्ण अध्याय साबित होगा। इसी तरह की मांग पहले चांदनी चौक से भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लिखे पत्र में उठाई थी। इसी बीच, शर्मा ने कहा कि दिल्ली का गौरवशाली अतीत महाभारत काल से जुड़ा है।

## राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में बना हाई- पावर ग्रुप




**नई दिल्ली**

**सरकार** ने मध्य पूर्व संघर्ष से उत्पन्न मुद्दों की निगरानी के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में एक अंतर-मंत्रालयी समूह का गठन किया है। सूत्रों के अनुसार, गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी सहित अन्य मंत्री भी इस समूह के सदस्य हैं। इस बीच सरकार ने पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में उछाल से उपभोक्ताओं को बचाने के लिए पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क घटाकर तीन रुपये प्रति लीटर कर दिया है और डीजल पर इसे शून्य कर दिया गया है। वित्त मंत्रालय द्वारा 26 मार्च की देर रात जारी एक अधिसूचना के अनुसार, पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर तीन रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है, जबकि डीजल पर यह शुल्क पहले के 10 रुपये से घटाकर शून्य कर दिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि शुल्क में यह कटौती तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उछाल के बावजूद खुदरा पंप दरों में बदलाव नहीं किया गया है, जिससे तेल कंपनियों की वित्तीय स्थिति पर दबाव पड़ रहा है। तेल कंपनियों को राहत देने के लिए सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती की है।

उत्पाद शुल्क में कटौती की अधिसूचना के बाद ईंधन खुदरा विक्रेता कंपनियों इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन के शेयर बीएसई पर बढ़त के साथ खुले। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बृहस्पतिवार को एक नोट में कहा था कि यदि कच्चे तेल की औसत कीमत 100-105 डॉलर प्रति बैरल तक जाती है ।

## शिकंजा कसने के लिए अधिकारियों को दिए खास निर्देश

## दबंगों को फिर योगी की दो टूक



**गोरखपुर**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कमजोर वर्ग के लोगों को दबंगों द्वारा डराने, धमकाने की शिकायत पर सख्त रवैया अपनाया है. मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों से दो टूक कहा, ह्यगुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी, ऐसे तत्वों के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाए. यदि कोई अभियुक्त जमानत पर छूटने के बाद वादी को धमका रहा हो तो उसकी जमानत निरस्त कराने की कार्रवाई की जाए.'

गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं. इस दौरान करीब 200 से अधिक लोग आए थे. उन्होंने सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टि परक निस्तारण का निर्देश दिया.

**अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश**

सीएम योगी ने कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान, सरकार का संकल्प है. अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सबको न्याय मिले. हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले. राज्य में दबंगई की घटनाओं पर भी मुख्यमंत्री सख्त दिखे. उन्होंने कहा कि गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी, ऐसे तत्वों के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाए. यदि कोई अभियुक्त जमानत पर छूटने के बाद वादी को धमका रहा हो तो उसकी जमानत निरस्त कराने की कार्रवाई की जाए.

उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो, जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो।

## ये है विकसित भारत का रोडमैप- निर्मला सीतारमण



**नई दिल्ली**

**संसद** ने शुक्रवार को आम बजट 2026-27 को मंजूरी दे दी तथा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण कच्चे तेल के अंतरराष्ट्रीय मूल्य के आसमान छूने के बीच दो-टूक शब्दों में कहा कि भारत में लॉकडाउन की कोई गुंजाइश नहीं है तथा इसे लेकर गलतफहमी नहीं फैलायी जानी चाहिए। राज्यसभा ने वित्त मंत्री के जवाब के बाद वित्त विधेयक 2026-27 को ध्वनिमत से लौटा दिया। इसी के साथ उच्च सदन ने अनुदान की अनुपूरक मांगों और उससे जुड़े विनियोग विधेयक को भी ध्वनिमत से लौटा दिया। लोकसभा इनको पहले ही मंजूरी दे चुकी है। राज्यसभा में वित्त मंत्री सीतारमण ने वित्त विधेयक और विनियोग विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि देश को विकसित बनाने और 140 करोड़ भारतीय नागरिकों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को गंभीर आरोपों में लगातार 30 दिन तक हिरासत में रहने की स्थिति में पद से हटाने के प्रावधान वाले तीन विधेयकों पर विचार करने वाली संसदीय समिति को रिपोर्ट देने के लिए आगामी मानसून सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक का समय दिया गया है।

**लोकसभा की कार्यवाही**

रसायन और उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि देश में उर्वरक का पर्याप्त भंडारण है और इसे लेकर अफरा-तफरी कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने सदन में प्रश्नकाल के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे के पूरक प्रश्न के उत्तर में यह भी बताया कि उनकी बृहस्पतिवार को इस विषय पर प्रदेशों के कृषि मंत्रियों से बात हुई है।

## दिल्ली दौरे पर सीएम धामी की पीएम मोदी से मुलाकात

### रामनवमी पर भेंट की देवभूमि की सौगात

**उत्तराखंड**

**उत्तराखंड** के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली का दौरा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की. यह भेंट जितनी औपचारिक थी, उतनी ही आत्मीय भी, क्योंकि सीएम धामी खाली हाथ नहीं गए थे. अपने साथ वे उत्तराखंड की मिट्टी की सोंधी खुशबू, आस्था के प्रतीक और पहाड़ी जीवन की झलक लेकर पहुंचे थे.

**धामी ने मोदी को दी रामनवमी की शुभकामनाएं**

मुलाकात की शुरूआत में सीएम धामी ने प्रधानमंत्री मोदी को रामनवमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं. इस अवसर पर उन्होंने पीएम मोदी को मां सुरकंडा देवी की प्रतिकृति भेंट की जो इस मुलाकात का सबसे भावपूर्ण पल रहा.

टिहरी गढ़वाल की पहाड़ियों पर विराजमान मां सुरकंडा देवी उत्तराखंड की प्रमुख शक्तिपीठों में से एक हैं. लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र यह मंदिर देवभूमि की पहचान का अभिन्न हिस्सा है. ऐसे में उनकी प्रतिकृति भेंट करना महज एक उपहार नहीं, बल्कि पूरी देवभूमि की ओर से प्रधानमंत्री को दिया गया एक आदरपूर्ण संदेश था.

**मां सुरकंडा की प्रतिकृति के अलावा भी दिए गए उपहार**

मां सुरकंडा की प्रतिकृति के अलावा सीएम धामी ने पीएम मोदी को जो उपहार दिए, वे सभी उत्तराखंड के ग्रामीण जीवन और पहाड़ी समृद्धि की कहानी कहते हैं. उत्तराखंड का बद्री गाय का शुद्ध देशी घी, यह नस्ल जितनी दुर्लभ है, उतनी ही




महत्वपूर्ण भी. बद्री गाय के संरक्षण को लेकर राज्य सरकार पिछले कुछ सालों से गंभीरता से काम कर रही है. इस नस्ल का घी भेंट करना एक तरफ जहां सांस्कृतिक लगाव को दशार्ता है, वहीं इस संरक्षण अभियान को भी रेखांकित करता है.

पहाड़ों की पहचान कहे जाने वाले इस अनाज का स्वाद देश में बेमिसाल माना जाता है. उत्तराखंड के ठंडे पहाड़ी इलाकों में उगने वाला राजमा अपने अलग ही रंग, आकार और जायके के लिए जाना जाता है. वहीं पहाड़ी जंगलों के फूलों से तैयार शहद रसायनमुक्त और पूरी तरह प्राकृतिक होता है. उत्तराखंड के मधुमक्खी पालकों की मेहनत और जंगलों की जैव विविधता दोनों इस एक शीशी में समाई होती हैं.

**प्रदेश में चल रही विकास योजनाओं पर हुई चर्चा**

यह मुलाकात केवल शिष्टाचार भेंट तक सीमित नहीं रही. सीएम धामी ने प्रधानमंत्री मोदी को प्रदेश में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं की भी विस्तृत जानकारी दी।

# काली चौरा के पास गुलर के पेड से फंदे पर लटक कर युवक ने दी जान

अखंड भारत संदेश



**जारी।** शुक्रवार सुबह ग्राम पंचायत माही में ग्राम्य देवी मां काली के चबूतरे के पास स्थित एक गुलर के पेड़ से एक युवक का शव लटकता देख ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। थोड़ी ही देर में शव की पहचान संदीप भारतीया पुत्र स्व राजेंद्र भारतीया के रूप में हुई। संदीप पांच भाइयों में दूसरे नंबर का है सूचना पर पहुंची पुलिस शव को नीचे उतारकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मौके पर पहुंचे स्वजनों ने बताया कि 23 वर्षीय स्व राजेंद्र भारतीया का बेटा संदीप भारतीया अविवाहित था। मूल रूप से चाका थाना नैनी का रहने वाला है। इस समय उभारी थाना घूरपुर में रह रहा था। मानसिक स्थिति ठीक न होने के कारण गुरुवार को अपनी मां के साथ झाडफूक के लिए अपनी ननिहाल माही थाना कौधियारा आया था। संदीप का मामा लोधी भारतीया ही झाडफूक करता है। सुबह 4 बजे काली मां के चौरे पर गूलर के पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। शुक्रवार को सुबह जानकारी होने पर पहुंची पुलिस पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए शव को भेजा।

थाना प्रभारी कुलदीप शर्मा ने बताया कि युवक अपनी मां के साथ ननिहाल में झाड़फूक के लिए आया था। आज उसकी वहां पर पूजा होती रात में ही फंदे से लटक कर जान दे दी है स्वजनो ने कोई शिकायत नहीं दर्ज कराई है।

## घर में घुसकर मार पीट तीन घायल, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी एक राय हो कर घर मे घुस कर काठी डंडो से मार पीट कर तीन को घायल कर दिए।तीन के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम तेजपुर निवासी शोभलाल पुत्र स्वर्गीय छोटे लाल का आरोप है कि गांव के कुछ लोग उससे पुरानी रंजिश रखते हैं।इसी रंजिश के कारण विपक्षी राय होकर लाठी डंडा लोहे की राड लेकर घर में घुसकर उसे और उसके पुत्र राज कुमार , पत्नी निर्मला देवी को मार पीट कर लहुलुहान कर दिए। जान से मारने की धमकी दिए। शोभलाल ने मऊआइमा थाना में तेजपुर निवासी कमलेश कुमार, विमलेश कुमार, विशाल कुमार तथा अन्य अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# डॉ ब्रजेश शुक्ल पुणे में गौटेक अवॉर्ड से सम्मानित

## महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट में हैं सहायक आचार्य

अखंड भारत संदेश




**पसना।** प्रयागराज जिले के अछोला मेजा के निवासी महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट के रसायनशास्त्र सहायक आचार्य डॉ. ब्रजेश शुक्ल को प्रतिष्ठित गौटेक अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान महाराष्ट्र के पुणे शहर में आयोजित गौ टेक सम्मेलन के भव्य समारोह में प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में देश-विदेश के गौ संरक्षण विशेषज्ञ, वैज्ञानिक और उद्यमी उपस्थित थे।

डॉ. शुक्ल को यह पुरस्कार गौ आधारित उत्पादों के विकास और गौ सेवा को आधुनिक तकनीक से जोड़ने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए मिला है। उनके नवाचारी प्रयासों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिली है।

उनके कार्यों में गौमूत्र और गोबर आधारित जैविक खाद, दवाइयां और अन्य उत्पादों का उत्पादन बढ़ाना शामिल है। ये उत्पाद पर्यावरण संरक्षण और सर्कुलर इकोनॉमी के सिद्धांतों पर आधारित हैं। इन उत्पादों ने किसानों की आय दोगुनी करने में सहायता की है और गौ संरक्षण को एक व्यावसायिक रूप दिया है।

समारोह के मुख्य अतिथि, राष्ट्रीय कामधेनु आयोग के पूर्व चेयरमैन डॉ. वल्लभभाई कठेरिया ने कहा, ₹श्री शुक्ला के कार्य गौ माता की सेवा को नई दिशा दे रहे हैं। गौटेक 2026 का यह अवॉर्ड उनके समर्पण का प्रतीक है। पुरस्कार ग्रहण करते हुए डॉ. ब्रजेश शुक्ला ने कहा, ₹यह मेरे कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे को समर्पित है। हम गौ सेवा को राष्ट्रीय आंदोलन बनाएंगे। गौ सेवा आयोग उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने भी डॉ. शुक्ला को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और उन्हें नौजवानों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। गौटेक 2026 आयोजन में गौ आधारित उद्योगों की संभावनाओं और भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा हुई।

डीन साइंस एवं पर्यावरण संकाय प्रो. सूर्यकांत चतुर्वेदी, डॉ. वंदना पाठक, डॉ. एस.एस. गौतम और अन्य सहयोगियों ने भी डॉ. शुक्ल को इस सम्मान के लिए बधाई दी।

# बेटियों ने जाना अपना अधिकार : मिशन शक्ति हो रही सफल साबित

## मिशन शक्ति फेज 5.0 का द्वितीय चरण के तहत किया जा रहा जागरूक




अखंड भारत संदेश

**फाफामऊ।** पुलिस आयुक्त प्रयागराज के निर्देशन में पुलिस उपायुक्त गंगानगर, सहायक पुलिस आयुक्त थरवई अरुण पाराशर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी फाफामऊ अश्वनी सिंह के कुशल नेतृत्व में शुक्रवार को थाना फाफामऊ में मिशन शक्ति केंद्र पर बेटियों को उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन को लेकर जागरूक करते हुए उन्हे उनका अधिकार बताया। इस मौके पर मिशन शक्ति टीम से उप निरीक्षक निधि पटेल ने बड़े ही विस्तार से उन्हें बताया और उनकी सहायता को लेकर दिए गए हेल्प लाइन नंबरों में वूमेन पॉवर लाइन 1090, महिला हेल्प लाइन नंबर 181, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन नंबर 1076 के बारे में बताया और कहा अगर कोई भी नंबर याद ना रहे तो पुलिस आपात सेवा डायल 112 का प्रयोग करें और कुछ ही समय में आपको सहायता प्राप्त होगी। कोई भी मनचला परेशान करे तो दिए गए नंबरों की सहायता लीजिये। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं में जैसे कन्या सुमंगला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना सहित कई योजनाओं के बारे में बताया। इसी मौके पर साइबर सुरक्षा को लेकर बताया और साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 के बारे विस्तार से जानकारी देते हुए जागरूक किया।

## टिकरी गांव की सड़क पर खुदाई करके नही लगाया इंटरलॉकिंग

**बारा।** नमामि गंगे परियोजना के ठीकेदार इस तरह बेलगाम हो रखे है कि इनके हो रहे कार्य को कोई भी जिम्मेदार देखना वाजिब नही समझते है। बारा क्षेत्र के टिकरी कला गांव के प्रधनमंत्री सड़क के बगल महीने से पाइप लाइन की खुदाई करके सड़क के बगल की लगी इंटरलॉकिंग जे सी बी के द्वारा उखाड़ कर अपनी पाइप लाइन बिछाने का काम पूरा किया। वही सिर्फ खाना पूर्ति करके छोड़ दिया कई जगह महीनों बीत जाने के बाद आज तक सड़क की बगल की इंटरलॉकिंग बिछाना भूल गए,सड़क ठेकेदार ने बहुत बढ़िया ढंग से अपनी सड़क के बगल इंटरलॉकिंग सपोट सीमेंट बालू लगाकर जाम किया था जिससे भारी वाहन गुजरने से सड़क टूटने न पाए। नमामि गंगे परियोजना का पानी मिले या न मिले लेकिन इनके ठेकेदार ने जहाँ जहाँ काम किया चाहे गांव की गली हो या सड़क उसको बर्बाद जरूर कर दिए है। गांव के पूर्व प्रधान बाबा सिंह राहगीर रमेश, दिवाकर, सुरेश,अमित, आदि लोगों का कहना है जहां पर इंटरलॉकिंग उखाड़ कर नही अभी तक लगाया है उसको तत्काल लगाया जाय।

# रामेश्वरम वाटिका में गूंजेगा भक्ति का महासागर 2 से 9 अप्रैल तक श्री मनकामेश्वर धाम महोत्सव

**शंकरगढ़।** भगवान रामेश्वरम वाटिका शंकरगढ़ में 2 अप्रैल से 9 अप्रैल तक आठ दिवसीय भव्य श्री मनकामेश्वर धाम लालापुर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक महोत्सव में देश-विदेश के प्रसिद्ध संत-महात्मा और विद्वान प्रवचन देकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस से सराबोर करेंगे।महोत्सव में अमेरिका की धरती पर सनातन धर्म का प्रचार करने वाले परम पूज्य स्वामी नित्यानंद गिरि जी महाराज प्रतिदिन प्रवचन देंगे। वहीं संत हरिनारायण रामानुज दास जी महाराज द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का अमृतपान कराया जाएगा और पूज्य कमल भाई जी द्वारा भक्तमाल कथा का रसपान कराया जाएगा।

कार्यक्रम के आयोजक सूर्य निधान पांडेय ने बताया कि कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 7 बजे तक रहेगा। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन प्रवचन, भक्ति संगीत, सांस्कृतिक संध्या, कवि सम्मेलन, विद्वान संतों के विचार और कलाकारों की प्रस्तुतियां आयोजित होंगी। साथ




ही समाज, प्रशासन, कला, साहित्य और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा।

आयोजक सूर्य निधान पांडेय ने क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण तैयार करेगा और लोगों को भक्ति एवं संस्कृति से जोड़ेगा। महोत्सव का समापन 10 अप्रैल को महाप्रसाद भंडारे के साथ होगा।

## नैनी में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

**नैनी।** नैनी थाना क्षेत्र में मिशन शक्ति फेस 5.0 के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। मिशन शक्ति टीम द्वारा छिवकी रेलवे स्टेशन एवं सरगम तिराहे पर पहुंचकर महिलाओं एवं आमजन को जागरूक किया गया। अभियान के दौरान महिलाओं को मिशन शक्ति कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए उनके लाभ के बारे में बताया गया। इस अवसर पर टीम ने विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी साझा की, जिनमें वूमेन पावर लाइन 1090, घरेलू हिंसा हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। पुलिस टीम ने महिलाओं से अपील की कि किसी भी आपात स्थिति में इन हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करें और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें। थाना नैनी कमिश्नरेट प्रयागराज की टीम ने बताया कि महिला सुरक्षा के लिए ऐसे जागरूकता अभियान आगे भी निरंतर चलाए जाते रहेंगे।

## न्यूज झरोखा

### नैनी पुलिस द्वारा तीन अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से स्मैक बरामद

**नैनी।** नैनी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए स्मैक तस्करी में लिप्त तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से कुल 38.18 ग्राम अवैध स्मैक, एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन, एक की-पैड मोबाइल फोन तथा 410 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर 26 मार्च को छिवकी स्टेशन के पास से रितिक कुमार, सलमान सिद्दीकी और दीपक भारतीया को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान तीनों के पास से अलग-अलग पुड़ियों में रखी स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे स्मैक की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर राहगीरों को बेचते थे। बरामद मोबाइल फोन के जरिए ग्राहकों से संपर्क किया जाता था। उन्होंने यह भी बताया कि स्मैक उन्हें एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा सप्लाई की जाती थी। पुलिस ने इस मामले में थाना नैनी पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में से कुछ के खिलाफ पहले से भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम नैनी थाना प्रभारी बृजकिशोर गौतम, उ.नि. सोहराब अहमद, उ.नि. रामानन्द विश्वकर्मा, उ.नि. कुलदीप उपाध्याय, म.उ.नि. वरूणा राठौर, हे.का. ज्ञानेन्द्र कुमार, सोनू यादव रहे।

### नैनी आरपीएफ ने यात्री का छूटा हुआ बैग वापस सौंपा



**नैनी।** नैनी ऑपरेशन अमानत के तहत आरपीएफ ने सराहनीय कार्य करते हुए एक यात्री का छूटा हुआ बैग सुरक्षित बरामद कर उसे वापस सौंप दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 को हेल्पलाइन प्रयागराज से सूचना मिली कि गाड़ी संख्या 11107 एक्सप्रेस के जनरल कोच में एक यात्री का काले रंग का पिट्ठू बैग छूट गया है। सूचना पर तत्परता दिखाते हुए हेड कांस्टेबल श्रीपाल सिंह एवं हेड कांस्टेबल कमलेश यादव ने ट्रेन के नैनी स्टेशन पहुंचने पर कोच की जांच कर बैग को बरामद कर सुरक्षित आरपीएफ पोस्ट पर रखवाया। इसके बाद बैग स्वामी नीरज निवासी ग्राम डबरा, थाना भीतरवार, जिला ग्वालियर (मध्य प्रदेश) को सूचना दी गई। सूचना पाकर नीरज आरपीएफ पोस्ट नैनी पहुंचे और पहचान पत्र प्रस्तुत कर बैग प्राप्त करने का अनुरोध किया। जांच के दौरान बैग में रखे सामान एक जोड़ी पायल, दो जोड़ी बिछिया, बच्चों के कड़े व लॉकेट, अंगूठियां तथा तीन साड़ियां सही सलामत पाए गए। इसके बाद उपनिरीक्षक दिलीप कुमार द्वारा बैग को विधिवत सुपुर्द कर दिया गया। यात्री ने अपनी खोई हुई वस्तु सुरक्षित वापस मिलने पर आरपीएफ टीम का आभार व्यक्त किया।

### कुंजलहा डेरा में पहली बार शुरू हुई विद्युत आपूर्ति, वर्षों बाद दूर हुआ अंधेरा



**प्रयागराज।** यमुनापार के विकासखंड कौंधियारा के ग्राम सभा कुकुढी. स्थित कुंजलहा डेरा बस्ती में वर्षों से अंधेरे में जीवन बिता रहे ग्रामीणों को अब बिजली की सुविधा मिल गई है। विद्युतीकरण कार्य पूर्ण होने के बाद पहली बार बस्ती में बल्ब जलते ही लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। ताल-तलैया से घिरे इस इलाके में अब तक मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ था, जिससे खासकर बारिश के दिनों में आवागमन भी प्रभावित रहता था। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली न होने के कारण बच्चों की पढ़ाई से लेकर दैनिक जीवन तक कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। समाजसेविका एवं अधिवक्ता अर्चना पासी के प्रयासों से यहां विद्युतीकरण संभव हो सका। इस अवसर पर आनंद राव, संजय भारती उर्फ गुड्डू, शशिकांत सिंह यादव, शावनंद यादव, उमाकांत यादव, मुखिया यादव, मदन मोहन यादव, डॉ. संतोष कुमार प्रजापति, रामनाथ व राजकुमार उर्फ बच्चा लाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने खुशी जताते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में अहम कदम बताया।

# भागवत कथा में सुदामा चरित्र की कथा श्रवण कर श्रोता हुए अभिभूत

## पूणार्हुति हवन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन आज





**नैनी।** नैनी क्षेत्र के अवन्तिका कालोनी सी ब्लॉक स्थित श्रीत्रयंम्बकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह के सातवें व आखिरी दिन कथावाचक मिथलेश महाराज ने सुदामा चरित्र की कथा सुनाकर श्रोताओं को अभिभूत कर दिया। महाराज ने कहा कि गऊदान लेने व देने वाले दोनों पुण्य के भागीदार होते हैं परन्तु भावना महत्वपूर्ण होती है। उक्त जानकारी देते हुए आयोजन के मीडिया प्रभारी वरुण सोलंकी ने बताया कि 28 मार्च को पुर्वान्ह 11 बजे से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह के समापन अवसर पर पुणार्हुति हवन एवं महा भंडारा का आयोजन किया गया है जिसमे सभी भक्त सादर आमंत्रित है। आयोजन के छठवें दिन प्रमुख रूप से अवधेश श्रीवास्तव, उमालाल पाण्डेय, दिनेश तिवारी, जगदम्बा प्रसाद शुक्ल, गजेन्द्र प्रताप सिंह, राजेश सिंह, अखिलेश सिंह, रमेश चन्द्र, मनोज शुक्ल, निरंजन श्रीवास्तव, राकेश मिश्र, विरेन्द्र, अंगद, अशोक श्रीवास्तव, एस एन राय, राजेन्द्र भदौरिया, शिव बहादुर शुक्ल, देवेन्द्र श्रीवास्तव, सुजीत तिवारी, सहित भारी संख्या में महिला, पुरुष श्रोताओं ने अमृतमय कथा का रसपान किया।

# राजन महाराज की श्रीराम कथा आज से अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**जंघई।** सुविख्यात कथावाचक राजन जी महाराज की कथा की तैयारियां देवबरा धाम, पिपरी ग्राम सभा में आज से 5 अप्रैल तक चलने वाली श्रीराम कथा को ऐतिहासिक बनाने के लिए संयोजक राधे मोहन पांडेय एवं उनके सहयोगियों द्वारा अतुलनीय प्रयास किया जा रहा है। कथा स्थल एवं राजन महाराज के ठहरने के स्थान का निरीक्षण डीसीपी गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत, एसीपी हंडिया शेषधर पांडेय, एसएचओ सरायममरेज अतुल कुमार मिश्र द्वारा किया गया। अधिकारियों ने श्रीराम कथा में शांति व्यवस्था कायम रहने के लिए जरुरी दिशा निर्देश दिया। आयोजन समिति के सदस्य कथा को सफल बनाने के लिए अनवरत सक्रिय हैं क्षेत्र के कई गांवों तथा बाजारों में बैनर-पोस्टर लगाए गए हैं, लोग निस्वार्थ भाव से कथा को संपन्न कराने हेतु लगे हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम आध्यात्मिक वातावरण बनाते हैं और लोगों को धर्म तथा संस्कारों से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं आयोजन समिति ने सभी से कथा में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। विकास पांडेय इलाहाबादी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय कथावाचक राजन जी महाराज के ठहरने, पंडाल निर्माण, बिजली, पानी, बैठने, साउंड की व्यवस्था और पार्किंग सहित श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं की तैयारियां आज पूरी हो गई है । दूर-दराज से आने वाले भक्तों को कोई असुविधा न हो, इसके लिए विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं क्षेत्रीय लोगों में इस धार्मिक आयोजन को लेकर काफी उत्साह है और सब सहयोग कर रहे हैं।

# जंघई में, राम नवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा




**जंघई।** राम नवमी के पावन पर्व पर हनुमान मंदिर सेवा समिति जंघई बैंक ऑफ बड़ौदा से विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी डीजे, ढोल नगाड़े, गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा पूरे जंघई बाजार में निकाली गई। भगवान श्री राम के चित्र पर माल्यार्पण, आरती, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। श्री राम जानकी मंदिर जंघई के महंथ चंद्रमा दास महाराज के सानिध्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, बजरंगदल एवं व्यापार मंडल के तत्वावधान में भव्य राम रथ यात्रा निकाली गई जिसमें बडे, बूढ़े, बच्चे सभी भक्तिमय गीतों पर थिरकते हुए यात्रा को भव्यता प्रदान किया जगह जगह भक्तों के सेवा के लिए व्यापार मंडल के लोगों ने जलपान की भी व्यवस्था बनाई थी जिसका आनंद भक्तों ने लिया। विश्व हिंदू परिषद ने रथयात्रा निकालने वाले सभी समितियों एवं भक्तों का हार्दिक धन्यवाद तथा आभार व्यक्त करते हुए सभी के लिए मंगल कामना किया।इस अवसर पर हृदय नारायण मिश्र, रमेश तिवारी, समाजसेवी गरुण पांडेय, संजय जायसवाल, राजू भाईसाहब, अशोक दुबे विहिप प्रखंड अध्यक्ष प्रतापपुर, मंत्री किशन पाठक, नगर अध्यक्ष विक्की जायसवाल, राजू सिंह, रिंकू सिंह, संदीप शुक्ल, नितिन मिश्र, बाबुल दुबे, संदीप गुप्ता, जिम्मी जायसवाल, अभिषेक जायसवाल, शैलेश पाठक, विवेक जायसवाल, सुमित सोनी, अवधेश जायसवाल, आयुष जायसवाल, रिक्की जायसवाल, ऋषि जायसवाल, आशीष शुक्ला, रिंकू मिश्रा, सुभाष गुप्ता, प्रदीप शर्मा बाबा, नीरज सिंह, देवेंद्र सिंह, मनीष जायसवाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# शकुंतला के विरह ने किया भावुक, 'अभिज्ञान शाकुंतलम' की सराहनीय प्रस्तुति

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** विश्व रंगमंच दिवस की पूर्व संध्या पर महाकवि कालिदास के प्रसिद्ध नाटक अभिज्ञान शाकुंतलम का प्रभावशाली मंचन किया गया। वन कन्याओं के नृत्य से आरंभ हुए नाटक में संगीत ने वातावरण को सजीव बनाया। शकुंतला की भूमिका में रूपाली मिश्रा ने प्रेम, विरह और करुण भावों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। दुष्यंत के रूप में सुखसागर उपाध्याय ने गंभीरता के साथ-साथ हास्य का भी संतुलन रखा।

प्रियंवदा (इशिका पाठक) और अनसूया (अंजली गौतम), महर्षि कण्व (आशुतोष त्रिपाठी) तथा ऋषि दुवार्सा (नितीश कुमार) ने अपने सशक्त अभिनय से कथा को जीवंत किया, जबकि विदूषक के रूप में श्वेतांक कुमार प्रभावी रहे। मछुआरे चोर (अंकित कुमार), सिपाही (नितीश कुमार, मनीषा देवी) और कोतवाल (आकर्षित पांडेय) ने भी भूमिकाओं के साथ न्याय किया।

मेनका व सानुमति के रूप में दीपशिखा की नृत्य प्रस्तुति आकर्षक रही। अन्य कलाकारों में गौतमी (समृद्धि), कंचुकी/ मातली (आकर्षित पांडेय), ऋषि कन्या (सिया पटेल), ऋषिकुमार (अंकित कुमार), सर्वदमन (दीपिका यादव), तापसी (आशा पाल, दीपशिखा चौधरी) ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। संगीत निर्देशन अरुण त्रिपाठी व इशिता आर्या, पार्श्व गायन कार्तिकेय तिवारी तथा बांसुरी पर आयुष कुमार ने प्रस्तुति को प्रभावी बनाया। मंच प्रबंधन व प्रकाश परिकल्पना अनन्या पांडेय, रूप-सज्जा खुशबू द्विवेदी व जूही मौर्या तथा वस्त्र विन्यास दीपशिखा चौधरी का रहा। एनएसडी से प्रशिक्षित असगर अली प्रस्तुति नियंत्रक रहे और मंचन बुनियाद फाउंडेशन के सहयोग से हुआ। निर्देशन युवा रंगकर्मी हरिओम कुमार ने किया। नाटक अपनी साहित्यिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक महत्ता के कारण दर्शकों में विशेष प्रभाव छोड़ गया।

## न्यायालय सूचना

**न्यायालय नायब तहसीलदार चायल कौशांबी**

**वाद संख्या २०२५०-२४२०५०३२३६ सन २०२५**

**श्यामकली बनाम गूंगे**

**धारा ३४ उ ० प्र ० राजस्व संहिता। मौजा उदैय्या पर परगना व तहसील चायल कौशांबी ।**

**तारीख पेशी १४ / ४/२०२६**

मुकदमे की सुनवाई के दौरान अदालत ने निर्देश दिया है कि वादी श्याम कली पत्नी श्याम लाल नि० ग्राम हटवा हाल मुकाम अकबरपुर परगना व तहसील सदर जनपद प्रयागराज मुकदमे की सुनवाई की नियत तारीख १४ / ४/२०२६ को स्वयं अथवा जरिए अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित हो अनुपस्थित रहने पर मुकदमे की सुनवाई एकपक्षीय रूप से की जाएगी।

**मुद्रा और हस्ताक्षर सहित जारी**

# बामपुर गंगा नदी में दोस्त को बचाने में 4 लड़के डूबे, मौत








### एसडीएम और एसीपी मौके पर पहुंचे

मेजा एसडीएम सुरेंद्र प्रताप यादव, मेजा एसीपी एसपी उपाध्याय, प्रभारी थाना निरीक्षक माधव प्रसाद त्रिपाठी और भारतगंज चौकी प्रभारी सुभाष सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाया और आर्थिक मदद दिलवाने का आश्वासन दिया।

वहीं, सीएम योगी ने भी हादसे का संज्ञान लेते हुए अफसरों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।



## मरने वालों में 2 सगे भाई; मां बोली- मेरा सब कुछ बर्बाद हो गया

**अखंड भारत संदेश**

**मांडा।** प्रयागराज के मांडा थाना क्षेत्र के बामपुर गंगा नदी में नहाते समय 4 बच्चे डूब गए। दोस्तों को डूबता देखकर दूसरे बच्चे उन्हें बचाने के लिए कूदे। इस दौरान एक-एक कर सभी डूबने लगे और गहरे पानी में समा गए। शोर सुनकर आसपास के गोताखोर पहुंचे और बच्चों को बचाने के लिए नदी में छलांग लगा दी। पहले 2 बच्चों के शव बाहर निकाले गए।

करीब 3 घंटे चले रेस्क्यू के बाद बाकी 2 बच्चों की डेडबॉडी बरामद की गई।

मरने वालों की पहचान कुनाल (13), निहाल (10), ऋषभ (10) और दीपक (17) के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर परिवार वालों के साथ पूरे गांव के लोग गंगा किनारे पहुंच गए। घटना शुक्रवार सुबह साढ़े 10 बजे मांडा थाना क्षेत्र की है।

**मरने वालों में दो सगे भाई**

बामपुर गांव के रहने वाले अनिल कुमार के दो बेटे कुनाल और निहाल, राजाराम का बेटा दीपक, कमलेश कुमार का बेटा ऋषभ नहाते समय डूब गए। दोस्तों के साथ नहाने आए 7वीं के छात्र अमन ने बताया- गांव के कुल 9 लड़के नहाने पहुंचे थे। सभी एक साथ नहा रहे थे। इसी बीच कान्हा और निहाल डूबने लगे। दोस्त को डूबता देखकर हम सभी उन्हें बचाने के लिए उनकी तरफ गए। इसके बाद हम लोग डूबते चले गए। मेरे साथ निहाल, कुनाल, छोटे, दीशू, मोहित, दिवांशु, दीपक, कान्हा पहुंचे थे।

मांडा क्षेत्र में शुक्रवार सुबह गंगा नदी में नहाने गए सात बच्चे और किशोर डूब गए। इस घटना में दो की मौत हो गई, जबकि तीन को सुरक्षित बचा लिया गया। दो अन्य की तलाश अभी भी जारी है।

यह दुर्घटना यमुनापार के मांडा थाना क्षेत्र के बामपुर गांव के पास गंगा घाट पर हुई। बताया गया कि शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे एक ही गांव के सात बच्चे गंगा में नहाने गए थे। गहरे पानी में जाने के कारण वे डूबने लगे।

आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों और घाट पर मौजूद लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। उनकी मदद से तीन बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हालांकि, दो अन्य बच्चों को जब नदी से बाहर निकाला गया, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

यमुनानगर के डीसीपी विवेक चंद्र यादव ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि गंगा नदी में डूबने से दो बच्चों की मौत हुई है और दो अन्य की तलाश कर गंगा नदी से शव बाहर निकाला गया ।

वहीं, कुनाल और निहाल की मां ने कहा कि मेरे घर के दो चिराग चले गए। मेरा सब कुछ बर्बाद हो गया।

# सिविल लाइंस में चाट को लेकर विवाद वकीलों और दुकानदार के बीच मारपीट

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** सिविल लाइंस इलाके में शुक्रवार शाम चाट खाने को लेकर शुरू हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। पॉश सिविल मार्केट में वकीलों और चाट विक्रेता के बीच जमकर हाथापाई हुई, जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई।

बताया जा रहा है कि तीन वकील अपने एक साथी के साथ चाट खाने पहुंचे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर दुकानदार से कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई। आरोप है कि गुस्साए लोगों ने चाट विक्रेता की पिटाई कर दी और उसका ठेला पलटते हुए सामान भी इधर-उधर फेंक दिया।

घटना के दौरान बाजार में मौजूद लोगों की भीड़ जुट गई और कई लोग मोबाइल से वीडियो बनाते रहे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पुलिस के मौके पर पहुंचने के बावजूद कुछ लोगों ने दोबारा दुकानदार के साथ मारपीट की। सूचना पर पहुंची सिविल लाइंस पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और मामले में चार लोगों को हिरासत में लेकर थाने ले गई। पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है।

# करैली पुलिस ने 19 वर्षीय युवक को दबोचा, चोरी का सामान बरामद

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** करैली थाना पुलिस ने एक शातिर युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नकदी समेत अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी को मुखबिर की सूचना के आधार पर पकड़ा गया।

थाना करैली में दर्ज मुकदमा संख्या 59/2026 के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मिजान पुत्र परवेज अहमद निवासी करैली को 26 मार्च 2026 को ऐनुद्दीनपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया। आरोपी की उम्र करीब 19 वर्ष बताई जा रही है। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से एक कलाई घड़ी, 1810 रुपये नकद और एक जोड़ी जूते बरामद किए। बरामदगी के आधार पर मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की एक और धारा बढ़ाई गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर नियमानुसार आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक रामानंद यादव, उपनिरीक्षक सोनू कुमार और कांस्टेबल सुमित कुमार सिंह शामिल रहे।

# हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी: सहमति से लिव-इन में रहना अपराध नहीं, गिरफ्तारी पर रोक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा है कि यदि कोई विवाहित पुरुष किसी महिला के साथ आपसी सहमति से लिव-इन संबंध में रहता है, तो यह अपने आप में कोई आपराधिक कृत्य नहीं है। कोर्ट ने इसी आधार पर याचिकाकताओं की गिरफ्तारी पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है।न्यायमूर्ति जेजे मुनीर और न्यायमूर्ति तरुण सक्सेना की खंडपीठ के समक्ष यह मामला शाहजहांपुर के जैतीपुर थाना क्षेत्र से संबंधित था। एक बालिग महिला और नेत्रपाल ने पुलिस सुरक्षा और गिरफ्तारी से राहत के लिए याचिका दाखिल की थी। याचिकाकताओं का कहना था कि वे अपनी मर्जी से साथ रह रहे हैं, लेकिन महिला के परिजन इस रिश्ते के विरोध में हैं और उन्हें जान का खतरा है।

वहीं, विपक्ष की ओर से दलील दी गई कि पुरुष पहले से विवाहित है, इसलिए किसी अन्य महिला के साथ रहना अपराध की श्रेणी में आता है। इस पर कोर्ट ने स्पष्ट किया कि दो बालिग व्यक्तियों के बीच सहमति से बने संबंध को आपराधिक नहीं माना जा सकता और इस आधार पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

अदालत ने पुलिस की भूमिका पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में साथ रह रहे बालिगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। खंडपीठ ने शक्ति वाहिनी बनाम भारत संघ का हवाला देते हुए कहा कि इस तरह के मामलों में पुलिस अधीक्षक की विशेष जिम्मेदारी बनती है।

कोर्ट ने पाया कि याचिकाकताओं द्वारा पहले ही पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया गया था, लेकिन उस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इस पर अदालत ने संबंधित पुलिस अधीक्षक को व्यक्तिगत रूप से सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।साथ ही, कोर्ट ने आदेश दिया है कि अगली सुनवाई तक याचिकाकताओं को गिरफ्तार न किया जाए। महिला के परिजनों को भी उनके निवास स्थान पर आने या किसी भी प्रकार से संपर्क कर नुकसान पहुंचाने से प्रतिबंधित किया गया है। अदालत ने आदेश की प्रति 24 घंटे के भीतर संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए हैं।मामले की अगली सुनवाई 8 अप्रैल 2026 को निर्धारित की गई है।खंडपीठ ने अपने आदेश में यह भी कहा कि कानून और नैतिकता को अलग-अलग रखा जाना चाहिए। यदि किसी मामले में कोई अपराध नहीं बनता है, तो केवल नैतिक आधार पर किसी के अधिकारों का हनन नहीं किया जा सकता।

# योगी सरकार नौ सालों में बहुआयामी विकास कर प्रदेश में रचा इतिहास : जयशंकर शुक्ल

### कहा – सेवा सुरक्षा और सुशासन के साथ साथ योजनाओं को जमीन पर उतारकर भूगोल भी बदलने का किया है अभूतपूर्व कार्य

**अखंड भारत संदेश**



समाजसेवी जयशंकर शुक्ल

**मेजा।** तहसील क्षेत्र के दिघिया गांव की जनकल्याण से जुड़ी संस्था रामचन्द्र शुक्ल संकल्प ट्रस्ट के अध्यक्ष जयशंकर शुक्ल जय भैया ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के 9 साल नव निर्माण और नव उत्थान के रहे हैं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहुआयामी विकास के जरिए प्रदेश में नया इतिहास रचा और योजनाओं को जमीन पर उतारकर भूगोल भी बदलने का काम किया है। सेवा,सुरक्षा व सुशासन के संयोजन से आधी आवादी का सरकार पर भरोसा बढ़ा है। उत्तर प्रदेश अब उत्तम प्रदेश की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार ने नौ साल के कार्यकाल में कई मानक स्थापित किए हैं।आर्थिक मामलों के जानकार,राजनीति में गहरी पैठ रखने वाले,युवा कारोबारी दिघिया के जयशंकर शुक्ल जय भैया ने योगी सरकार की नौ साल की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए बताया कि प्रदेश में कानून का राज स्थापित करना मुख्यमंत्री की बड़ी उपलब्धियों में से एक है। अपराधी, गुंडे, माफियाओं का राज खत्म कर प्रदेश को भयमुक्त करना उनकी प्राथमिकता रही है।यहाँ दंगा नही सब कुछ चंगा ही चंगा है।प्रदेश में लोकतंत्र कायम है और संविधान का सम्मान है। श्री शुक्ल ने कहा सरिया कानून चलाने वाले नेस्तनाबूत कर दिए गए या बिलों में घुस गए हैं।इस वजह से प्रदेश में निवेश का माहौल बना और विकास की गति बढ़ी है। प्रदेश सरकार के संकल्प की प्राथमिकताओं में महिला सशक्तिकरण रहा है। नारी सुरक्षा, सम्मान व आर्थिक स्वावलम्बन को योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया गया।जय भैया ने कहा कि मिशन शक्ति, पंचायतों में गठित स्वयं सहायता समूह और महिलाओं के स्वरोजगार प्रोत्साहन से आधी आवादी का उत्साह बढ़ा और आत्मनिर्भरता का बोध हुआ।बेटियों व महिलाओं की सुरक्षा के लिए जागरूकता अभियान व पुलिस की हेल्प डेस्क के साथ जारी किए गए हेल्प नम्बर से भय मुक्त माहौल बना।प्रदेश में शोहदों पर शिंकजा कसा गया।आज बेटियां अपने को सुरक्षित महसूस कर रही हैं। श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश के इन्फ्रास्ट्रक्चर में हुए अभूतपूर्व बदलाव से रोड एयर कनेक्टिविटी बढ़ी है। पर्यावरण संरक्षण के लिए अभूतपूर्व पौधरोपण अभियान औद्योगिक सांस्कृतिक गतिविधियाँ बढ़ीं हैं। ब्रह्मोश मिसाइल का निर्माण स्वास्थ शिक्षा,बिजली व पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं बढ़ी हैं।विदेशी निवेशकों ने प्रदेश की तरफ रुख किया है।योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का आर्थिक ग्रोथ तेजी से बढ़ा है।यही उपलब्धियां उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बना रही हैं।

# अमोनिया गैस हादसे में फरार दो आरोपी गिरफ्तार, चार की गई थी जान

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** फाफामऊ थाना क्षेत्र के चंदापुर स्थित आदर्श कोल्ड स्टोरेज में हुए अमोनिया गैस हादसे के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को फाफामऊ रेलवे स्टेशन के पास से पकड़ा गया।

पुलिस आयुक्त और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। थाना फाफामऊ में दर्ज मुकदमा संख्या 44/2026 से जुड़े वांछित आरोपी मो. उस्मान (48) और मो. इरफान (40), दोनों निवासी ग्राम चंदापुर, को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया।

गौरतलब है कि 23 मार्च 2026 को चंदापुर मोरहू स्थित आदर्श कोल्ड स्टोरेज में अमोनिया गैस चैम्बर फटने से बड़ा हादसा हुआ था। धमाके के बाद भवन की दीवार और छत गिर गई थी, जिसमें कई मजदूर मलबे में दब गए थे। राहत एवं बचाव टीम ने मौके पर पहुंचकर 18 लोगों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया, जहां चार मजदूरों की मौत हो गई थी, जबकि अन्य घायलों का इलाज कर उन्हें स्थिर कर दिया गया।

इस मामले में पुलिस पहले ही चार नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अब पकड़े गए दोनों आरोपियों के खिलाफ भी संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आगे की विधिक प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार सिंह समेत उपनिरीक्षक दिनेश कुमार यादव, अमलेश कुमार गुप्ता और अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# मां दुर्गा के नौ रूपों की सच्चे मन से की गई पूजा से प्राप्त होता है परम वैभव : धर्म प्रकाश शुक्ल

**अखंड भारत संदेश**



धर्म प्रकाश शुक्ल

**मेजा।** सनातन साधना परम्परा में चैत्र नवरात्र का विशेष महात्म्य है। शक्ति के नौ स्वरूपों की आराधना और माँ दुर्गा के प्रति समर्पण को परम फलदायी माना गया है। मातारानी का

अष्टम स्वरूप महागौरी का है,जो सौम्यता की प्रतीक हैं।मॉ के परम भक्त एवं समाजसेवी धर्म प्रकाश शुक्ल महादेव ने कहा कि नवरात्र व्रत व मॉ दुर्गा के नौ रूपों की सच्चे मन से की गई पूजा से परम वैभव प्राप्त किया जा सकता है।माँ की महिमा अपार है,वह जग कल्याणी हैं और भक्तों पर उनकी ममता और छाया बनी रहती है। उल्लेखनीय है कि मेजा तहसील क्षेत्र के ऊँचडीह ग्राम पंचायत के युवा कारोबारी धर्मप्रकाश शुक्ल धार्मिक मान्यताओं में विस्वास रखते हैं। गौरतलब है कि माँ विंध्यवासिनी को अपना आराध्य मानने वाले श्री शुक्ल चैत्र व शारदीय नवरात्र में नौ दिनों का ब्रत कर शक्ति के प्रति आशक्ति और समर्पण से मॉ की कृपा की कामना करते हैं। श्री शुक्ल कहते हैं कि नवरात्र के आठवें दिन (अष्टमी) पर माँ दुर्गा के आठवें स्वरूप माँ महागौरी की पूजा की जाती है। मॉ का स्वरूप अत्यंत श्वेत,शांत और सौम्य हैं, जिन्हें पवित्रता का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने कहा कि कठोर तपस्या से गौर वर्ण पाने के कारण वह महागौरी कहलाती हैं,और उनकी कृपा से भक्तों के असंभव कार्य संभव होते हैं, सुख-समृद्धि व मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। मां महागौरी का रंग पूर्णतः श्वेत (गोरा) है, और वह श्वेत वस्त्र व आभूषण धारण करती हैं। उनकी आयु आठ वर्ष मानी जाती है।श्री शुक्ल ने कहा कि इसलिए माँ को कन्या रूप में पूजा जाता है।मान्यता है कि मातारानी के भक्त अष्टमी को कन्यायों का पूजन कर उनसे आशीर्वाद लेते हैं।मान्यता है कि अष्टमी के दिन मां महागौरी की पूजा करने से वैवाहिक जीवन सुखमय होता है, विवाह में आ रही बाधाएं दूर होती हैं और जीवन में सुख-शांति व सकारात्मक ऊर्जा आती है। देवी पुराण में महागौरी के स्वरूप का वर्णन किया गया है,उंसके अनुसार, देवी वृषभ (बैल) पर सवार हैं और उनकी चार भुजाएं हैं। उनके एक हाथ में त्रिशूल, दूसरे में डमरू है, जबकि अन्य दो हाथ अभय और वर मुद्रा में हैं। इनका वर्ण पूर्णतः गौर है। इस गौरता की उपमा शंख, चंद्र और कुंद के फूल से दी गई है।श्वेते वृषे समरूढा श्वेताम्बराधरा शुचिः। महागौरी शुभं दद्यान्महादेव प्रमोददा। श्री शुक्ल ने कहा कि महागौरी का स्वरूप मंगलकारी है,यह सदा पूज्यनीय है।

# मेजा ब्लाक में प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों की 30 मार्च को आयोजित होगी बड़ी बैठक

### बैठक में केंद्र एवं प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी होगी साझा लोगों को किया जाएगा जागरूक



मयंक शुक्ला

**मेजा।** ब्लॉक कैंपस मेजा के सभागार में आगामी 30 मार्च को ब्लाक प्रमुख मेजा श्रीमती गायत्री मिश्रा की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक आयोजित की गई है जिसमें क्षेत्र पंचायत सदस्यों के अलावा ग्राम प्रधान एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रमुख मेजा के कारखास मयंक शुक्ला ने बताया कि बैठक में जल जीवन मिशन, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं,कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं,स्वस्थ विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की योजनाओं स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय आजीविका योजनाओं, पीएम सीएम आवास योजना, ग्राम पंचायत विभाग की महत्वाकांक्षी योजनाओ, महात्मागांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना,क्षेत्र पंचायत पंचम वित्त आदि के अलावा कई अन्य बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक फोकस करते हुए लोगों को जागरूकता प्रदान की जाएगी। श्री शुक्ला के अनुसार इस मौके सभी विभाग के

संबंधित अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक की शुरूआत दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। श्री शुक्ल ने इस अवसर सभी बीडीसी सदस्यों, ग्राम प्रधानों और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों को उक्त निर्धारित समय पर ब्लाक कैंपस मेजा में पहुंचने की अपील किया है।

# मेजा बार में मंत्री के रूप में नेतृत्व करने का मौका मिला तो करूंगा अभूतपूर्व कार्य : मनोज शुक्ला

### आगामी 10 अप्रैल को होने वाले बार एसोसिएशन मेजा चुनाव के मद्देनजर मंत्रीपद के प्रबल दावेदार युवा प्रत्याशी ने जारी किया चुनावी घोषणा पत्र कहा अधिवक्ताओं का मान सम्मान एवं उनकी रक्षा सुरक्षा है हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

**अखंड भारत संदेश**



वरिष्ठ अधिवक्ता के के त्रिपाठी के सानिध्य में घोषणा पत्र जारी कर चुनाव प्रचार करते मंत्री पद के प्रत्याशी मनोज शुक्ला

**मेजा।** आगामी 10 अप्रैल को होने वाले मेजा बार के चुनाव में जूनियर और सीनियर अधिवक्ता भाइयों ने सर पर मंत्री पद का सेहरा बांधा तो उनके मान सम्मान की रक्षा सुरक्षा के साथ साथ मेजा तहसील में अभूत पूर्व कार्य करूंगा। उक्त उद्गार बार एसोसिएशन मेजा के नई कार्यकारिणी सत्र 2026-27 के गठन के मंत्री पद प्रबल दावेदार एवं प्रत्याशी मनोज कुमार शुक्ला ने चुनाव प्रचार के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने स्वयं का घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि यदि मुझे अपने जूनियर और सीनियर अधिवक्ता साथियों के आशीर्वाद से मेजा तहसील में मंत्री पद का नेतृत्व करने का मौका मिला तो मैं उनके द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियां को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाते हुए उनके मान सम्मान और रक्षा सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दूंगा। इसके अलावा मंत्रीपद के युवा प्रत्याशी श्री शुक्ल ने अपने चुनावी घोषणा पत्र के जरिए मेजा तहसील में कई अभूतपूर्व कार्य करने का ऐलान किया है जिसमें तहसील परिसर में महिला अधिवक्ताओं के साफ सुथरा सेपरेट शौचालय स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति बहाल करना, जूनियर अधिवक्ताओं के स्थाई चैंबर की व्यवस्था करना, जूनियर और सीनियर अधिवक्ता साथियों के मान सम्मान और उनकी रक्षा सुरक्षा को प्राथमिकता देना, अधिवक्ता कल्याण कोष का पारदर्शी संचालन करना, पुस्तकालय एवं ई कोर्ट सुविधाओं का आधुनिकीकरण करना तथा सुरक्षा एवं पार्किंग व्यवस्था सुदृढ़ करना शामिल है। उल्लेखनीय है कि मेजा खास गांव निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता केके त्रिपाठी के अति चहेते रहे सीधे सादे सौम्य एवं सरल स्वभाव के युवा अधिवक्ता मनोज कुमार शुक्ल पूर्व में बतौर उपाध्यक्ष मेजा तहसील की कमान संभाल चुके हैं उनका कार्यकाल बेहद ही सराहनीय रहा है। गौरतलब है कि श्री शुक्ल मेजा बार में चाहे किसी पद पर रहे हों अथवा न रहे हों लेकिन अधिवक्ता समाज के मान सम्मान और उनकी प्रत्येक लड़ाई में हमेशा आगे रहे हैं जिसके लिए वे पूरे तहसील में जाने जाते हैं। बता दें कि जूनियर अधिवक्ताओं से बेहद स्नेह और सीनियरों का सम्मान और आशीर्वाद ही उनका संस्कार है। ऐसे में सभी जूनियर और सीनियर अधिवक्ताओं के दुलेरुवा माने जाने वाले युवा अधिवक्ता मनोज शुक्ला ने सभी से अपना आशीर्वाद रूपी अमूल्य मत देकर भारी मतों से जिताने की अपील किया है।

# विवेचनाओं के निस्तारण में पारदर्शिता को लेकर एएसपी ने मातहतों की कसी नकेल

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी ने मुख्यालय पर लालगंज सर्किल के थानों के अन्तर्गत अपराध समीक्षा बैठक में शुक्रवार को मातहतों की जमकर नकेल कसी। उन्होने दरोगाओं को विवेचनाओं के निस्तारण में समयबद्धता एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित कराए जाने के कडे निर्देश दिये। एएसपी बृजनंदन राय ने लालगंज, सांगीपुर, उदयपुर, संग्रामगढ़, लीलापुर थानों में लंबित विवेचनाओ की प्रगति का अवलोकन किया। उन्होने कहा कि विवेचनाओं के निस्तारण में लापरवाही पाए जाने पर सम्बन्धित के खिलाफ कडी विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। वहीं उन्होने थानों पर फरियादियों की शिकायतों के निस्तारण मे भी थाना प्रभारियों से स्वयं मानीटरिंग किये जाने को कहा। उन्होने महिला अपराध तथा दलित उत्पीड़न के मुकदमो मे वांछितो के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की प्रगति को असंतोषजनक माना। इस दौरान लालगंज सीओ आशुतोष मिश्र भी मौजूद रहे।

# नवरात्रि व राम नवमी पर करपात्री धाम में गूंजा जयघोष, भण्डारे में श्रद्धालुओं ने चखा प्रसाद

**प्रतापगढ़।** नवरात्रि एवं राम नवमी को लेकर भटनी के करपात्री धाम के समीप श्री लालता देवी धाम पर श्रीरामचरितमानस के सामूहिक पाठ एवं हवन पूजन में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। स्वामी करपात्री जी सेवा संस्थान के तत्वाधान में हुए धार्मिक उत्सव को लेकर शुक्रवार को भण्डारे का भी आयोजन हुआ। देवी धाम में भजन गायकों के द्वारा भगवान श्रीराम की मनमोहक स्तुति व सामूहिक श्रीराम नाम जप संकीर्तन में भक्तों को भावविभोर देखा गया। भण्डारे में देर शाम तक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र तिवारी ने श्रद्धालुओं का टीका अभिषेक किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सचिव राकेश त्रिपाठी ने किया। संयोजन समिति के राजकुमार तिवारी, शिवम तिवारी, अनुराग तिवारी ने महाप्रसाद के प्रबंधन में सेवा संगत में दिखे। इस मौके पर प्रकाश पाण्डेय, दीपेन्द्र ओझा, डॉ0 विवेक श्रीवास्तव, अजय तिवारी, अशोक पाण्डेय, दान बहादुर सिंह, देवेन्द्र नारायण मिश्र, अरूण मिश्र, डॉ0 नालेश त्रिपाठी, राजेश तिवारी, आचार्य रामकृपाल तिवारी, राजकरन तिवारी, अनिल कुमार शास्त्री, अंजनी तिवारी, विजय कुमार, अमित तिवारी, विजयशंकर तिवारी, रविशंकर तिवारी, चितरंजन तिवारी, श्रीकांत तिवारी, प्रदीप तिवारी, नागेन्द्र तिवारी, अमृतलाल पटेल, आशु गुप्ता, गणेश नारायण मिश्र आदि मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### घर आए सिपाही की तबियत बिगड़ी, इलाज के दौरान हुई मौत



**बाघराय।** क्षेत्र के गोगौर अहिरान गांव निवासी शिवकुमार यादव (54) पुत्र स्वर्गीय जगजीवनराम यादव पुलिस विभाग मे बतौर आरक्षी के पद पर कार्यरत है। उनकी ड्यूटी 112 डायल मे जनपद हरदोई के टडियाना थाने मे है। आरक्षी शिवकुमार यादव बीते 25 मार्च को अवकाश लेकर घर आए थे इनकी वापसी थाने पर 28 मार्च को होनी थी। वह शुक्रवार की सुबह खेत से टहलने के बाद घर आए परिजनो के साथ चाय पी, इसके बाद उनकी तबियत बिगडने लगी। परिजन उन्हें इलाज के लिए प्राची अस्पताल प्रयागराज ले गये। जहां पहुचते पहुचते उनकी मौत हो गयी। परिजन शव लेकर घर आ गये। मृतक आरक्षी के पुत्र आयूष यादव ने इसकी सूचना थानाध्यक्ष बाघराय श्रवणकुमार को दी। थानाध्यक्ष ने मृतक आरक्षी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा व परिजनो को धैर्य बंधाया।

### दिनदहाड़े बाइक चोरी, सीसीटीवी में कैद हुआ आरोपी

**कुंडा।** कोतवाली क्षेत्र के भगवन तिराहा पर दिनदहाड़े खड़ी बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। पूरी घटना पास की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें एक युवक बाइक ले जाते हुए दिखाई दे रहा है। बेलहाबाग जमेठी निवासी इन्द्रमणि मिश्र 26 मार्च 2026 को दोपहर करीब 3 बजे भगवन तिराहा स्थित सरदार सुच्चा सिंह की मशीनरी की दुकान पर कटाई मशीन देखने पहुंचे थे। उन्होंने अपनी डिस्कवर मोटरसाइकिल दुकान के बाहर लॉक करके खड़ी की और अंदर चले गए। करीब 20 मिनट बाद जब वह वापस लौटे तो उनकी बाइक वहां से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने दुकान मालिक को सूचना दी। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखने पर एक टी-शर्ट पहने युवक बाइक ले जाते हुए दिखाई दिया, जिसकी वीडियो फुटेज पीड़ित के मोबाइल में सुरक्षित है। पीड़ित ने कोतवाली कुंडा में लिखित तहरीर देकर मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है।

### रंजिश में भाई को पीटा

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के सोनबरसा गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक भाई द्वारा दूसरे भाई की पिटाई करने का मामला सामने आया है। घटना में घायल युवक के परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही सीसीटीवी कैमरा तोड़ने और धमकी देने के भी आरोप लगाए गए हैं।जानकारी के अनुसार सोनबरसा गांव निवासी विनोद यादव पुत्र जयनाथ यादव ने शुक्रवार को पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि बीते 23 मार्च की सुबह करीब 8 बजे उनके बड़े भाई मनोज यादव ने उनके छोटे भाई प्रमोद यादव को बेरहमी से मारपीट कर घायल कर दिया। उस समय पीड़ित विनोद यादव रोजी-रोटी के सिलसिले में मुंबई में रह रहे थे। घटना की जानकारी उन्हें उनके अस्वस्थ पिता द्वारा दी गई। पीड़ित का आरोप है कि घटना के बाद जब वह गांव पहुंचे तो उन्हें जानकारी हुई कि उनके बड़े भाई द्वारा घर में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी तोड़ दिया गया। साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी को स्थानीय स्तर पर संरक्षण प्राप्त है तथा उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पट्टी कोतवाली समेत उच्च अधिकारियों से करते हुए परिवार की जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से चैकीदार घायल

**कुंडा।** हथिगवां थाना क्षेत्र के बरना गांव स्थित एक ईंट भट्ठे पर ट्रैक्टर की टक्कर से चैकीदार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की हालत नाजुक बताई जा रही है और उसका इलाज प्रयागराज के अस्पताल में चल रहा है। प्रयागराज जनपद के नवाबगंज थाना क्षेत्र के भगौतीपुर अंधियारी निवासी भोलानाथ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र सुरेश कुमार बरना गांव स्थित जुबैर अहमद के ईंट भट्ठे पर चैकीदार के रूप में कार्य करता है। बीते 21 मार्च 2026 की सुबह एक ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सुरेश कुमार को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद उसे तत्काल प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। घटना के पांच दिन बाद, 26 मार्च को पीड़ित के पिता भोलानाथ ने थाना हथिगवां पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दी और कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### अश्लील हरकत को लेकर दो के खिलाफ मुकदमा

**लालगंज।** पीड़िता के साथ रास्ते में अश्लील हरकत को लेकर उदयपुर पुलिस ने दो आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता ने दी गई तहरीर में कहा है कि गुरूवार की शाम वह खेत जा रही थी। सूनसान रास्ते में अचानक लखापुर निवासी आरोपी सुमित सरोज पुत्र राजू सरोज तथा सत्यम ने जबरिया उसका हाथ पकड़ लिया। विरोध करने पर आरोपी पीड़िता के साथ अश्लील हरकत करने लगे। शोर मचाने पर आरोपी गालीगलौज करते जानलेवा धमकी देते चले गये। पीड़िता का यह भी कहना है कि आरोपी उसके स्कूल आते जाते समय भी छेडखानी किया करते हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी सुमित समेत दो के खिलाफ छेडछाड़ का केस दर्ज किया है।

### ट्रैक्टर से गिरकर मासूम की मौत, कोहराम

**प्रतापगढ़।** ट्रैक्टर से अचानक गिरने से मासूम की दर्दनाक मौत हो गयी। लालगंज कोतवाली के अगई मनऊ का पुरवा में शुक्रवार को गांव के मोहब्बत सरोज अपने पांच वर्षीय नाती को ट्रैक्टर पर बैठाकर गांव के नागेन्द्र तिवारी के खेत की जुताई कर रहे थे। अचानक ट्रैक्टर से मासूम नीचे गिर गया। इसके चलते वह रोटावेटर की चपेट में आ गया। मासूम की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

### ई-रिक्शा से उड़ायी लाखों की बैट्री, जांच में जुटी पुलिस

**प्रतापगढ़।** बेखौफ बदमाशों ने कोतवाली की नाक के नीचे गुरूवार की रात दो ईरिक्शा की लाखों की कीमती बैटरी पर हाथ साफ कर दिया। कस्बे में चोरी की घटना की जानकारी के बावजूद इलाकाई पुलिस का घटनास्थल पर न पहुंचना लोगों में आक्रोश भी लिए दिखा। नगर पंचायत के सरस्वती विद्या मंदिर मार्ग निवासी विनोद कुमार सोनी पुत्र अमरनाथ सोनी तथा यज्ञ नारायण सोनी पुत्र राम सुन्दर ने ई रिक्शा ले रखा है। पीड़ितों के मुताबिक रोज की तरह ईरिक्शा दरवाजों पर खड़ा किया था। देर रात अज्ञात बदमाशों द्वारा दोनों ईरिक्शा से चार बैटरी खोलकर उठा ले गये। शुक्रवार की सुबह चोरी की घटना सुनकर आसपास के लोग इकटठा हो गये। लोगों में यह चर्चा भी रही कि गुरूवार की देर शाम तक पुलिस ने विद्या मंदिर पुल पर चेकिंग भी लगा रखी थी। इसके बावजूद आखिर बदमाशों ने पुलिस की चेकिंग की हवा निकाल ही दी। पीड़ितों ने घटना के बाबत लालगंज पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस का कहना है कि जांच कर शीघ्र खुलासा किया जाएगा।

# आमने सामने भिड़े वाहन, चालक हुए घायल



अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मैजिक डाला व मैजिक लोडर के आमने सामने टक्कर में दोनों वाहनो के चालक घायल हो गये। लालगंज कोतवाली के नेशनल हाइवे रायबरेली रोड पर वर्मा नगर चैराहे के पास शुक्रवार की सुबह करीब नौ बजे भूसा लेकर जा रही मैजिक डाला तथा सामने से आ रही मैजिक लोडर अचानक टकरा गयी। इससे मैजिक डाला अनियंत्रित होकर पलटा खा गयी। दुर्घटना में दोनों वाहनो के चालकों को चोटें आ गयीं। सूचना मिलने पर एम्बुलेंस पहुंची और घायलों को इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेंटर ले आयी।

# मारपीट व धमकी को लेकर चार के खिलाफ केस

**प्रतापगढ़।** बच्चों के विवाद में मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी की घटना को लेकर उदयपुर पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के रेहुआ लालगंज निवासिनी रूकसाना बानो पत्नी स्व0 मो0 कलीम ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चैबीस मार्च को दोपहर बारह बजे बच्चों के बीच विवाद हो गया। इससे चिढ़कर पड़ोसी अफरोज पुत्र इस्लाम, शेरू पुत्र इस्लाम तथा साहबेआलम पुत्र इस्लाम व सोनी पत्नी अफरोज ने उसके जेठ के लड़के समशाद को मारापीटा। पीड़िता बीचबचाव को पहुंची तो आरोपी उसके साथ भी गालीगलौज करने लगे। पीड़िता का कहना है कि आरोपियो के द्वारा मारपीट के दौरान उसकी सोने की नथिया व झुमकी कहीं गिर गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अफरोज समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# हादसे में घायल कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे बड़े राजा, दी आर्थिक मदद



अखंड भारत संदेश

**कुंडा।** परेवा नारायणपुर गांव में आयोजित सड़क शिलान्यास और जनसभा में जनसत्तादल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया के पहुंचने को लेकर कार्यकताओं में उत्साह रहा। राजा भैया की अगवानी के लिए बाइक रैली में सैंकड़ों लोग शामिल हुए। रैली के दौरान बाइक अनियंत्रित होने से हथिगवां निवासी महेश प्रजापति और खाले का पुरवा महराजपुर गांव निवासी राहुल पटेल बाइक से गिरकर गंभीर घायल हो गए। राजा भैया के बड़े बेटे कुंवर शिवराज प्रताप सिंह (बड़े राजा) घायलों का हाल जानने उनके घर पहुंचे। दोनों घायलों के परिजनों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक मदद इलाज के लिए दी। राजा भैया ने दोनों घायलों को इलाज की सम्पूर्ण खर्च वहन करने की भी बात कही।

# अवैध कब्जे की शिकायत मुख्यमंत्री से

**प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के गधियावां गांव में उसर खाते की जमीन पर गांव के कुछ लोगों का अवैध कब्जा है। इसी से होकर गांव के करीब कई घरों का एकमात्र आने जाने का रास्ता है। जिस पर गांव के कुछ लोगों ने दबंगई के बल पर छप्पर पीलर व दीवार आदि बनाकर कब्जा कर लिया है। जिससे उनके आने-जाने में घोर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय प्रशासन से लेकर न्यायालय तक शिकायत करने के बाद भी जब न्याय मिलने के आसार नजर नहीं आए तो पीड़ित पक्ष से सिंपी सिंह, रीमा सिंह आदि मुख्यमंत्री दरबार में शिकायत दर्ज कराते हुए आने जाने के लिए रास्ता उपलब्ध कराए जाने की मांग उठाई है। इस संबंध में शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे पीड़ित पक्ष ने बताया कि विगत 5 दिनों से प्रतिदिन राजस्व की टीम मौके पर आती है, पर दबंगों की दबंगई के चलते बिना कोई उचित कार्रवाई किए वापस लौट जाती है। उक्त दबंग लोग तरह-तरह की गलियां व धमकी दे रहे हैं जिससे किसी भी समय बड़ी अप्रिय घटना होने की संभावना बनी हुई है।

# विकास खण्ड सदर में क्षेत्र पंचायत की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश




**प्रतापगढ़।** विकास खण्ड सदर परिसर में क्षेत्र पंचायत की बैठक की गयी। बैठक में उपजिलाधिकारी सदरध्प्रशासक क्षेत्र पंचायत सदर नैन्सी सिंह, जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्यगण एवं प्रधानगण द्वारा प्रतिभाग किया गया। खण्ड विकास अधिकारी सदर जीतेन्द्र कुमार त्रिपाठी द्वारा उपस्थित सदस्यों एवं प्रधानगणों का स्वागत किया गया तथा उनके द्वारा विकास खण्ड में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं यथा-समाज कल्याण से सम्बन्धित पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, एन०आर०एल०एम० कार्यक्रम के अधीन संचालित स्वयं सहायता समूह एवं बाबा साहेब अम्बेडकर प्रोत्साहन योजना, मनरेगा, राज्य वित्तध्केन्द्रीय वित्त के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। क्षेत्र पंचायत की पूर्व बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई एवं परिपालन की स्थिति से उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया गया। आयोजित बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा विभिन्न विकास योजनाओं के प्रस्तावध्कार्य योजना को बैठक में प्रस्तुत किया गया। अन्त में उपजिलाधिकारी सदरध्प्रशासक क्षेत्र पंचायत की अनुमति से आहूत बैठक को समाप्त किया गया। बैठक में विधायक सदर प्रतिनिधि अरूण कुमार मौर्य, सहायक विकास अधिकारी (सांख्यिकीय), सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), सहायक विकास अधिकारी (स०क०), सहायक विकास अधिकारी (महिला), अवर अभियन्ता, आरईडी ग्रा०वि०अ० अभिषेक रावत, संजय रावत, संदीप यादव, मितेश चन्द्र, नेहा शर्मा एवं ग्रा०पं०अ० मनोज कुमार पटेल, दीपक यादव, संगीता पाल, प्राची श्रीवास्तव, कुँ० संजना आदि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन शिक्षा विभाग के धर्मेन्द्र कुमार ओंझा द्वारा किया गया।

# अनियंत्रित बाइक से गिरकर मासूम समेत तीन घायल

**पट्टी।** कंधई थाना क्षेत्र के मनैतपुर गांव से शुक्रवार को एक सड़क हादसे में मासूम बच्ची समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार सभी की हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार मनैतपुर गांव निवासी सोहम सिंह (20) और दीपांशु सिंह (21) अपने साथ आस्था सिंह (10) को लौवार गांव स्थित एक विद्यालय में छोड़ने के लिए बाइक से जा रहे थे। सुबह के समय जैसे ही वे लौवार गांव के समीप पहुंचे, अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ा। हादसा इतना अचानक हुआ कि तीनों संभल नहीं सके और सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां मौजूद चिकित्सकीय टीम ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को निगरानी में रखा है। सीएचसी के डॉक्टर नीरज सिंह ने बताया कि सभी घायलों को हल्की व मध्यम चोटें आई हैं। उनकी हालत स्थिर है और चिकित्सकीय देखरेख में इलाज किया जा रहा है।

# जानलेवा हमले को लेकर आरोपी के खिलाफ केस

**प्रतापगढ़।** देवर के द्वारा पीड़िता पर जानलेवा हमले को लेकर उदयपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के नसीरपुर निवासी संतोष गौड की पत्नी राधा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि तेईस मार्च को शाम साढ़े चार बजे उसके देवर सुरेन्द्र ने बच्चों के विवाद में उसके हाथ पर चाकू से हमला कर दिया। पीडिता को गंभीर चोंटे आ गयी। शोर मचाने पर आरोपी ने गाली देते हुए शिकायत करने पर जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी सुरेन्द्र पुत्र सहदेव के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

## पीएचडी की उपाधि मिलने पर खुशी



**कुंडा।** क्षेत्र के ग्राम कजियाना देवर पट्टी निवासी अनुपम प्रकाश ने अपनी मेहनत और लगन से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग में जल संसाधन एवं कृषि विकास जनपद प्रतापगढ़ का एक भौगोलिक अध्ययन विषय पर शोध कार्य पूर्ण किया। डॉ. अनुपम प्रकाश ने यह शोध कार्य प्रोफेसर रीना गुप्ता के मार्गदर्शन में किया। वर्तमान में वह असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। अपनी इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने बड़े भाइयों लोकेश कुमार, आलोक रंजन, अरुण कुमार, बड़ी बहन संजू सरोज एवं जीजा शिव प्रकाश सरोज को दिया। साथ ही मित्रों और ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके सहयोग को सराहा। डॉ. अनुपम प्रकाश की इस उपलब्धि से पिता दातादीन सरोज, मां रामजसी के साथ ही क्षेत्र में खुशी का माहौल है और युवाओं को शिक्षा के प्रति प्रेरणा मिल रही है।

## विवाहिता लापता, केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** विवाहिता के लापता होने पर उदयपुर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के उदयपुर बाजार निवासी सूरज पुत्र राजकुमार ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीते गुरूवार की रात लगभग साढ़े दस बजे उसकी पत्नी पूजा घर से लापता हो गयी। पीड़ित ने पत्नी के साथ अप्रिय घटना की आशंका जतायी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## पड़ोसियों पर महिलाओं की पिटाई व अश्लील हरकत का आरोप

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के सदहा गांव में महिलाओं के साथ मारपीट और अश्लील हरकत का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार सदहा गांव की एक महिला ने आरोप लगाया कि बीते 26 मार्च की रात करीब 8 बजे उसके पड़ोसी एकजुट होकर उसके घर पर चढ़ आए और उसे मारपीट कर घायल कर दिया। शोर-शराबा सुनकर बीच-बचाव करने पहुंची उसकी ननद को भी आरोपियों ने नहीं बख्शा और उसके साथ मारपीट की। पीड़िता का यह भी आरोप है कि आरोपियों ने ननद के साथ अश्लील हरकत की तथा उसके गले से सोने का मंगलसूत्र छीन लिया। किसी तरह शोर मचाकर पीड़िता ने अपनी और ननद की जान व इज्जत बचाई। घटना के बाद पीड़िता ने शुक्रवार को दोपहर करीब 12 बजे पट्टी कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस का कहना है कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है और मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## राम नवमी के पर्व पर हवन पूजन के साथ उतारी गयी आरती

**लालगंज।** राम नवमी को लेकर मंदिरों तथा घरों में हवन पूजन तथा भजन संकीर्तन के भी आयोजन हुए। लालगंज के श्रीहनुमत निकेतन धाम तथा बाबा घुइसरनाथ धाम में राम नवमी के पर्व पर श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम का दर्शन पूजन कर आरती उतारी। वहीं घरों में भी भक्तों द्वारा श्रीराम दरबार के पूजन अर्चन के साथ सुन्दरकाण्ड के मनमोहक पाठ किये गये। बाबा घुइसरनाथ धाम में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी दिखी। भक्तों ने देवाधिदेव महादेव का जलाभिषेक भी किया। मन्दिरों में श्रद्धालुओं को भगवान के भजन संकीर्तन में भी भक्तिभाव में देखा गया। राम नवमी के पर्व पर अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य श्रृंगार व पूजन अर्चन का लाइव प्रसारण देखने में भी श्रद्धालुओं को उत्साहित देखा गया।

# उपभोक्ता पारदर्शिता को लेकर हुई संगोष्ठी गुणवत्ता पर दिया गया जोर

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** नगर पंचायत लालगंज के पूरे हरिकिशुन वार्ड में नवीन प्रतिष्ठान मां अम्बे टेज्डर्स में राम नवमी के पर्व पर पूजन अर्चन में लोगों की भीड़ जुटी दिखी। वहीं व्यापारिक क्षेत्र में उपभोक्ता पारदर्शिता को लेकर यहां संगोष्ठी का भी आयोजन हुआ। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने संयुक्त रूप से यहां उपभोक्ता सुविधा कक्ष का भी फीता काटकर उदघाटन किया। संगोष्ठी का विषय प्रवर्तन करते हुए संस्थान के प्रबंधक आईपी मिश्र ने कहा कि उपभोक्ताओं को कारोबारी के क्षेत्र में गुणवत्ता तथा पारदर्शिता की शीर्ष प्राथमिकता होनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता बहुगुणा पीजी कालेज के पूर्व प्राचार्य प्रो0 डॉ0 राजकुमार पाण्डेय ने की। संयोजिका निशा मिश्रा ने अतिथियों को सम्मानित किया। सह संयोजक सोनू मिश्र ने आभार प्रदर्शन किया। इस मौके पर समाजसेवी श्रीकृष्ण तिवारी, मनरेगा प्रभारी पवन शुक्ला, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव छोटेलाल सरोज, सभासद आशीष कौशल, सभासद दारा सिंह, मनीष शुक्ला, दिनेश सिंह, अजीत शुक्ला, पूजा, प्रवीण मिश्र आदि रहे।

# हाईवे पर खड़े ट्राला से टकराई पिकअप, 8 श्रद्धालुओं की मौत

अखंड भारत संदेश

## दुर्घटना में दजर्नो लोग हुए घायल मुंडन संस्कार बना अंतिम संस्कार



**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के राष्ट्रीय राजमार्ग कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर एक भयानक सड़क दुर्घटना ने कई परिवारों को रुला दिया.शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे डोरमा पेट्रोल पंप के पास हाईवे किनारे खड़े ट्राला में एक पिकअप वाहन पीछे से जोरदार टक्कर मार बैठा.जिससे पिकप वाहन में बैठे लोग हादसे का शिकार हो गए.हादसे का शिकार होने वाले सभी यात्री फतेहपुर जिले के मलवा क्षेत्र के बड़ोखर गांव के निवासी थे.वे रामनवमी के पावन अवसर पर कड़ा धाम स्थित मां शीतला देवी के दर्शन करने गए थे.सुबह पिकअप बुक करके पहुंचे और प्रयागराज के संगम घाट पर एक बच्चे का मुंडन संस्कार पूरा कर घर लौट रहे थे. फतेहपुर के जाफरगंज थाना क्षेत्र के कोरावल गांव निवासी पंकज सिंह के बेटे का मुंडन था.परिवार और रिश्तेदारों समेत कुल 25 से 35 लोग लोडर पिकअप में सवार थे.दुर्घटना में चार महिलाओं और तीन बच्चों की मौत हो गई. बाकी घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिराथू और जिला अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है. स्वास्थ्य विभाग ने चार एंबुलेंस भेजकर घायलों को पहुंचाने में मदद की। सीएमओ डॉक्टर संजय कुमार ने बताया कि उनके केंद्र पर 23 मरीज पहुंचे. एक महिला और तीन बच्चों ,एक पुरुष की मौत हो चुकी थी. कुछ घायलों को फ्रैक्चर की आशंका के साथ जिला अस्पताल रेफर किया गया, जबकि 14 अन्य मरीजों का इलाज वहीं जारी है. अस्पताल में इमरजेंसी स्टाफ और सीएमएस की टीम पूरी मुस्तैदी से काम कर रही है, 2 गंभीर मरीजों को प्रयागराज रिफर किया गया है दुर्घटना में मृतकों में कल्लो देवी उम्र 28 वर्ष दर्शनिया उम्र 68 वर्ष पत्नी बाबू लाल राजकुमारी उम्र 50 वर्ष मयंक उम्र 10 वर्ष पुत्र मुकेश निवासी गण कुरौली थाना जाफर गंज सुखरानिया उम्र 65 वर्ष अनुज उम्र 7 वर्ष पुत्र लखन निवासीगण बारा थाना जाफरगंज गुड़िया देवी उम्र 35 वर्ष निवासी गौरी खेड़ा थाना जाफरगंज ध्रुव उम्र 7 वर्ष पुत्र मोहन निवासी गंजा का डेरा थाना चांदपुर मृतकों में शामिल है राजन शिमला देवी मइकी सीमा देवी कमलेश मीरा देवी साधना देवी श्री कृष्ण लव कुश सहित तमाम लोग दुर्घटना में घायल हुए हैं जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## हाईवे पर मची चीख-पुकार

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र में हादसे के बाद सड़क पर घायलों की चीत्कार गूंज उठी.आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े आए.दुर्घटना की वजह से हाईवे पर यातायात कुछ देर तक जाम रहा.पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है.प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पिकअप की तेज रफ्तार या ड्राइवर का नियंत्रण खोना मुख्य वजह हो सकती है.यह घटना रामनवमी जैसे शुभ मौके पर हुई,जिससे पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है.परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है. घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की जा रही है।

## सड़क पर खड़े वाहन बन रहे दुर्घटना का कारण

**अझुवा कौशांबी।** राष्ट्रीय राजमार्ग में होटल ढाबे और पेट्रोल पंप के आसपास सड़क पर वाहनों को खड़ा कर चालक गायब हो जाते हैं सामने से आने वाले वाहनों को बचाने के चक्कर में पीछे से आने वाले वाहन सड़क पर खड़े वाहन से टकरा जाते हैं जो बड़ा हादसा का कारण बन रहा है सैनी कोतवाली क्षेत्र के गुलामी पुर में सड़क पर खड़े वाहन के चलते बीते वर्ष भी दो बड़े हादसे हुए थे जिसमें कई लोगों की मौत हुई थी अझुवा के आगे कनवार मोड़ के पास भी कुछ महीने पहले सड़क पर खड़े वाहन के चलते दुर्घटना हो चुकी है जिसमें तीन लोगों की मौत हुई थी इसके अलावा कोखराज थाना क्षेत्र में भी सड़क पर खड़े वाहनों से दुर्घटनाएं हुई है जिनमें मौतें हुई है लेकिन सड़क पर खड़े वाहनों पर रोक नहीं लगाई जाती है उनके चालकों पर जुर्माना नहीं लगाया जाता है जिससे यातायात पुलिस थाना पुलिस और एआरटीओ की बड़ी लापरवाही उजागर हो रही है सड़क पर वाहन खड़ा करने के इस मामले पर रोक लगाए जाने की जरूरत है जिससे दुर्घटना पर रोक लगाया जा सके सड़क किनारे वाहनों का पार्किंग स्थल बने होने के बाद भी पार्किंग स्थल पर हाईवे के ट्रक ट्राला ट्रेलर नहीं खड़े होते हैं बल्कि होटल ढाबे और पेट्रोल पंप के आसपास सड़क पर वाहनों को खड़े कर दिए जाते हैं जो दुर्घटना का कारण बनते हैं।



## प्रेम प्रसंग में कुएं में कूदी बालिका को बचाने प्रेमी भी कुएं में कूदा

**ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस ने दोनों को निकाला सुरक्षित बाहर**

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के तकीपुर ग्राम की एक बालिका ने शुक्रवार को 11 बजे दिन में गांव के कुएं में कूदकर आत्मा हत्या करने की कोशिश की जिसकी जानकारी उसके प्रेमी मिथुन पुत्र चन्दर गौतम को हुई तो प्रेमी भी भाग कर उसी कुएं के पास पहुंचा और आनन फानन में प्रेमी भी कुएं में कूद गया प्रेमी युगल के कुएं में कूद जाने के बाद गांव में हड़कंप मच गया मौके पर सैकड़ो लोगों की भीड़ लग गई और गांव के तमाम लोग प्रेमी युगल को बचाने के लिए कुएं में उतरे मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही मौके पर थाना पुलिस भी पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से प्रेमी युगल दोनों को कुएं से बाहर सुरक्षित निकाल लिया है प्रेमी युगल को कुएं से बाहर निकालने के बाद कोखराज पुलिस ने मेडिकल कराने के लिए पीएचसी मूरतगंज अस्पताल भेजा जहां पर युवती की हालत ठीक है मिली सूचना के आधार पर परिजनों का मानना है कि बालिका रविवार की सुबह फोन चला रही थी मोबाइल फोन पर किसी से बात करने को लेकर बालिका की माँ की डांट डपट के बाद नाराज बालिका ने आत्मघाती कदम उठाया है इसी बात से नाराज़ बालिका ने घर के बाहर कुएं में छलांग लगा दी। हालांकि ग्रामीण और पुलिस की सूझबूझ से प्रेमी युगल को बचा लिया गया है।

## रेलवे लाइन के किनारे मिले कई दिन पुराने शव की हुई शिनाख्त

**भरवारी कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी के पास दो दिन पहले रेलवे लाइन के किनारे मिले युवक के कई दिन पुराने शव की शिनाख्त हो गई है, मृतक की पत्नी ने मृतक के हाथ पर बने टैटू और कपड़े से शिनाख्त की है, मृतक युवक 18 मार्च को घर से चला गया था,जिसकी गुमशुदगी भी पुलिस ने दर्ज की थी,घर वाले उसे खोज रहे थे, लेकिन 7 दिन बाद 25 मार्च को उसका सड़ा गला हुआ शव रेलवे लाइन के किनारे मिला था, पुलिस शव की शिनाख्त का प्रयास कर रही थी, जब महिला को पोस्टमार्टम हाउस लेजाकर शिनाख्त कराई गई तो हाथ पर बने टैटू और कपड़े से उसकी शिनाख्त अपने पति नरोत्तम दास गुप्ता रोही के रूप में की,जिसके बाद पुलिस अब शब को पोस्टमार्टम कराने की व्यवस्था कर रही है। कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी के पास दो दिन पहले 25 मार्च को रेलवे लाइन के किनारे कई दिन पुराना शव मिलने की जानकारी शव से उठ रहे दुर्गंध के चलते लोगों ने पुलिस को दी थी, पुलिस ने दूसरे दिन घटनास्थल का निरीक्षण किया तो पास से ही उसके कपड़े मिले और एक जहरीले पदार्थ की शीशी भी मिली। जिसके बाद पुलिस ने जनपद में गुमशुदा लोगों की जानकारी लेनी शुरू की,जिसके बाद कोखराज थाने में ही दर्ज गुमशुदगी के मामले के पीड़ित परिवार को इसकी जानकारी दी गई,जिसके बाद महिला ने पोस्टमार्टम हाउस पर जाकर मृतक की शिनाख्त हाथ में बने टैटू और कपड़े से अपने पति नरोत्तम दास गुप्ता पुत्र लल्लन गुप्ता निवासी रोही भरवारी के रूप में की। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर मृतक नरोत्तम दास गुप्ता के शव के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की और शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

## नर्सिंग होम बारा में मरीज की मौत से गुस्साये परिजनों ने किया चक्का जाम

**डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही का परिजनों ने लगाया गम्भीर आरोप**

अखंड भारत संदेश




**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ब्लॉक बारा स्थित प्रभा नर्सिंग होम के डॉक्टरों की लापरवाही से एक मरीज की फिर मौत हो गई है जिस पर परिजनों ने जमकर हंगामा किया है परिजनों ने पुलिस को बताया कि प्रभा नर्सिंग होम में 6 मार्च को बच्चेदानी के ऑपरेशन के बाद एक महिला की हालत बिगड़ने पर प्रयागराज के रिफर किया गया प्रयागराज में इलाज के दौरान मौत हो जाने से परिजन आक्रोशित हो गये।प्रयागराज से शव लाने पर गुस्साये लोगों ने अस्पताल के बाहर चक्का जाम कर हंगामा किया और आपरेशन करने वाले सम्बन्धित डॉक्टर के खिलाफ सख्त कारवाई की मांग की।परिजनों द्वारा बताया गया कि 6 मार्च को राम सेवक की पत्नी सरिता देवी उम्र 28 वर्ष को अस्पताल में भती किया गया था। डाक्टर ने महिला के बच्चेदानी यानी यूटरस का ऑपरेशन किया था। ऑपरेशन के बाद से ही तबीयत लगातार खराब रहने लगी तबियत बिगड़ने पर प्रयागराज रिफर किया गया जहां पर इलाज के दौरान मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिवारीजन को समझा बुझाकर मामले को शान्त कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। सीओ कौशाम्बी जानेश्वर प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि परिवारीजनो द्वारा अस्पताल में इलाज में लापरवाही का गम्भीर आरोप लगाया है और मुवावजे की मांग को लेकर सड़क जाम किया गया परिजनों को समझा बुझाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के विधिक कारवाई की जायेगी। सीएमओ की स्वास्थ्य टीम द्वारा अस्पताल को सीज कर दिया गया है अग्रिम कारवाई की जा रही है।

## न्यूज झरोखा

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 162 जोड़े वैवाहिक बंधन में बधें



**कौशांबी।** नवीन मण्डी समिति ओसा में आयोजित भव्य मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम कुल 162 जोड़े वैवाहिक बंधन में बधें, जिसमें 03 जोड़ा मुस्लिम समुदाय से सम्मिलित हैं। समारोह में वैदिक मन्त्रोच्चार एवं सभी धर्मों के पारम्परिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह संपन्न कराया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत प्रति जोड़ा एक लाख रूपए का प्राविधान किया गया है। जिसमें 60 हजार कन्या के खाते में हस्तान्तरित किया जाता है, 25 हजार रूपए से घरेलू सामान दिया जाता है एवं 15 हजार रूपए आयोजन पर व्यय किया जाता है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए अत्यन्त लाभकारी है।मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, सदस्य उ.प्र. राज्य महिला आयोग प्रतिभा कुशवाहा, निवर्तमान विधायक लाल बहादुर एवं मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया तथा नवदम्पतियों को आशीवाद देते हुए ईश्वर से सुखमय, समृद्ध एवं सफल वैवाहिक जीवन की मंगल कॉमना की।

### अफवाहों पर ना दे ध्यान जिले में डीजल पेट्रोल और गैस की पर्याप्त है व्यवस्था : जिला पूर्ति अधिकारी




**कौशांबी।** जिला पूर्ति अधिकारी ने आम जनता से अपील किया है कि वह अफवाहों पर ध्यान ना दें जिले के पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल और डीजल उपलब्ध है कहीं भी डीजल पेट्रोल की कमी नहीं है उन्होंने कहा कि गैस एजेंसी में भी गैस की पर्याप्त व्यवस्थाएं हैं अफवाहों पर जनता ध्यान में दें आम जनता को जितना डीजल और पेट्रोल की जरूरत है उतना वह खरीद करें भंडारण करने की कोशिश ना करें जिला पूर्ति अधिकारी के निर्देश पर खाद्य एवं रसद विभाग की टीमों के द्वारा शुक्रवार को तमाम पेट्रोल पंप एवं कई गैस एजेंसियों पर औचक निरीक्षण किया गया,निरीक्षण के उपरांत जांच टीम के अधिकारियों ने बताया कि पेट्रोल पंप में पेट्रोल और डीजल और गैस एजेंसी में गैस की स्थिति सामान्य पाई गई।जनपद में उपलब्ध सभी पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त मात्रा में डीजल एवं पेट्रोल का स्टॉक है किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है और आम जनता किसी भी अफवाह पर ध्यान न दे। जांच टीम के अधिकारी अजीत सिंह पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि जनपद कौशांबी में पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है और आगे भी डीजल पेट्रोल की उपलब्धता बनी रहेगी अफवाहों के बीच जब जिला पूर्ति विभाग की टीम पेट्रोल पंपों की जांच करने पहुंची तो अधिकारियों ने देखा कि जनपद के तमाम पेट्रोल पंप में डीजल और पेट्रोल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। डिपो से पेट्रोल पम्पों पर पेट्रोल-डीजल की नियमित आपूर्ति हो रही है तथा आपूर्ति में भी किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है।

### रोजगार मेले का आयोजन आज

**कौशांबी।** जनपद के शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय,राजकीय आई.टी.आई. सिराथू मंझनपुर एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 28 मार्च,2026 को राजकीय आई.टी.आई,सिराथू के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया है।यह जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी ने देते हुए बताया कि इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कंपनियों के माध्यम से चयन की कार्यवाही की जायेगी। टेक्निकल एवं नॉन टेक्निकल, हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा,कौशल प्रशिक्षण प्राप्त सभी प्रकार के शिक्षित अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति के साथ प्रातः 10 बजे प्रतिभाग कर सकते हैं।

## चैत्र नवरात्रि पर उमड़ी देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर प्रथम दिन से लेकर 9 दिन तक देवी मंदिरों में महिला पुरुष भक्तों की भारी भीड़ प्रतिदिन पहुंच रही थी सुबह से ही देवी मंदिरों में पूजा पाठ यज्ञ अनुष्ठान कीर्तन भजन करने भक्त पहुंच रहे थे 9 दिनों तक देवी मंदिरों में भक्ति का वातावरण गूंजता रहा कीर्तन भजन पूजन और मां के जयकारे से पूरा वातावरण गूंज रहा था शुक्रवार चैत्र रामनवमी शुक्रवार के दिन देवी मंदिरों में महिला पुरुष छोटे-छोटे बच्चों सहित हजारों भक्तों की अपार भीड़ उमड़ पड़ी है जनपद मुख्यालय मंझनपुर के प्राचीन दुर्गा मंदिर सिराथू तहसील क्षेत्र के कड़ा स्थित मां शीतला देवी मंदिर पश्चिम पूरब शरीरा स्थित मां झारखंडी देवी के ऐतिहासिक प्राचीन मंदिर सहित विभिन्न ऐतिहासिक सिद्ध पीठ प्राचीन मंदिरों में दर्शन पूजन करने महिला पुरुष सहित छोटे-छोटे हजारों बच्चे शुक्रवार की सुबह से मंदिर पहुंचे हैं और मां का दर्शन पूजन यज्ञ अनुष्ठान विधि विधान से करने के बाद घर परिवार और देश के कल्याण की कामना भक्तों ने देवी मां से किया है नवरात्रि के पावन पर्व पर मंझनपुर के दुर्गा मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में भक्तों द्वारा हलुवा दमआलू पूड़ी आदि प्रसाद का वितरण किया गया है सुबह से प्रसाद वितरण का कार्यक्रम शुरू हुआ जो देर शाम तक चलता रहा मंझनपुर के प्राचीन दुर्गा मंदिर में रामनवमी पर विशाल मेले का आयोजन भी प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजित हुआ है नवरात्रि के पावन पर्व पर भीड़ की व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मंदिर और उसके आसपास भारी पुलिस फोर्स की तैनाती की गई थी जो लगातार कानून व्यवस्था का पालन कराते रहे और यातायात व्यवस्था को पुलिस कमी सुचारू बनाते रहे नवरात्रि के पावन पर्व पर व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगातार पुलिस अधीक्षक अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी और क्षेत्र के थानेदार भ्रमणकर स्थितियों का जायजा लेते रहे नवरात्रि के पावन पर्व पर गंगा और यमुना नदी के विभिन्न घाटों में भी स्नान करने वाले भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली है चैत्र रामनवमी के दिन गंगा और यमुना नदी के विभिन्न घाटों पर हजारों भक्तों ने गंगा यमुना नदी के पवित्र जल में स्नान और पूजन किया है।



## सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर घायल

**महेवा घाट कौशांबी** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के कुआडीह गांव के पास शुक्रवार की रात लगभग 8:00 बजे बाइक सवार अधेड़ को तेज रफ्तार बालू वाहन ने टक्कर मार दिया है जिससे बाइक सवार सड़क पर गिर पड़ा है और गंभीर रूप से घायल हो गया है दुर्घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस को दी गई है और घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है जहां उसकी गंभीर अवस्था में इलाज चल रहा है घायल की पहचान छेदीलाल लोधी उम्र 50 वर्ष ग्राम रक्सौली के रूप में हुई है घटना की जानकारी मिलने के बाद परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गए हैं दुर्घटना के बाद वाहन चालक फरार हो गया है जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

## गाजे-बाजे, डीजे की धुन पर निकली मनमोहक शोभायात्रा

**7 दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ**



**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा में धार्मिक आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम उस समय देखने को मिला,जब भव्य शोभायात्रा के साथ 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। गाजे-बाजे और डीजे की मधुर धुनों के बीच निकली यह शोभायात्रा पूरे नगर में आकर्षण का केंद्र बनी रही।शोभायात्रा में पारंपरिक वेशभूषा में शामिल श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए। महिलाएं कलश लेकर भजन-कीर्तन करती हुई आगे बढ़ रही थीं,वहीं युवा डीजे की धुन पर नाचते-गाते माहौल को और भी भक्तिमय बना रहे थे।पीले परिधान सुशोभित वस्त्रों में महिलाओं और युवतियों के भक्ति रस में डूबे हुए गीत नृत्य शोभा यात्रा में चार चांद लगा रहा था।समूचा वातावरण भक्ति रस में डूबा रहा। शोभा यात्रा मुख्य यजमान राधेश्याम केसरवानी के नए आवास से होते हुए सब्जी मंडी,हाइवे,लाई मंडी होते हुए कथा स्थल तक पहुंची,जहां विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कथा का शुभारंभ हुआ। कथा व्यास नंद जी महराज ने पहले दिन भगवान के महिमा का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म,भक्ति और सदाचार का संदेश दिया।आयोजक रवि केसरवानी ने बताया यह भागवत कथा आगामी 7 दिनों तक प्रतिदिन आयोजित की जाएगी,जिसमें दूर-दराज,नगर पंचायत क्षेत्र से आने वाले श्रद्धालु भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है।इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष शांती देवी कुशवाहा प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा,दीपक केसरवानी उदय केसरवानी सहित तमाम गणमान्य लोग,भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे,जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना रहा।

## पुरानी रंजिश में घर पर चढ़कर मारपीट व पथराव

**फायरिंग करने का भी आरोप पुलिस जांच में जुटी**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार की देर रात पुरानी रंजिश ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। मामूली कहासुनी के बाद दो पक्ष आमने-सामने आ गए और मामला मारपीट व पथराव तक पहुंच गया। पीड़ित पक्ष ने जहां फायरिंग कर जान से मारने की कोशिश का गंभीर आरोप लगाया है,वहीं पुलिस ने फायरिंग की बात को नकारते हुए इसे केवल आपसी मारपीट बताया है।मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के घना का पूरा गांव के मोहम्मद तौफीक उर्फ रूबी पुत्र मोहम्मद शहीद ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि वह रात करीब 9 बजे अपने घर के बाहर टहल रहा था,तभी मोहम्मद हसन दो अन्य लोगों के साथ ई-रिक्शा से पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। विवाद बढ़ने पर उसने डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को अपने साथ ले गई। तौफीक का आरोप है कि पुलिस के लौटने के बाद मोहम्मद हसन के परिवार के दजर्नों लोग लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों के साथ उसके घर पर चढ़ आए और जमकर पथराव किया। इस दौरान इरफान नामक व्यक्ति द्वारा अवैध असलहे से कई राउंड फायरिंग करने का भी आरोप लगाया गया है। घटना से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग अपने-अपने घरों में दुबक गए।हालांकि कौशाम्बी पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी बयान में स्पष्ट किया है कि यह मामला एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश का है,जिसमें मारपीट हुई है। पुलिस के अनुसार फायरिंग की बात असत्य है।वही मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ

## भवंस मेहता महाविद्यालय में समसामयिक विषय डिजिटल इंडिया और साइबर सिक्योरिटी पर व्याख्यान आयोजित

अखंड भारत संदेश



**भरवारी कौशांबी।** भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के चौथे दिन,दिनांक 27 मार्च को एक अत्यंत महत्वपूर्ण और सम सामयिक विषय डिजिटल इंडिया और साइबर सिक्योरिटी पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.प्रबोध श्रीवास्तव ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को डिजिटल युग की संभावनाओं और चुनौतियों से अवगत कराना तथा उन्हें साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना था। प्रो. प्रबोध श्रीवास्तव ने अपने व्याख्यान की शुरुआत डिजिटल इंडिया अभियान की अवधारणा से की। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2015 में प्रारंभ किया गया डिजिटल इंडिया कार्यक्रम देश को एक सशक्त डिजिटल समाज और ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था में परिवर्तित करने का प्रयास है। इस पहल के अंतर्गत तीन प्रमुख दृष्टिकोण शामिल हैं ि डिजिटल अवसंरचना का निर्माण,सेवाओं की डिजिटल डिलीवरी,और नागरिकों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना। इसके साथ ही आधार डिजिलॉकर ई-हॉस्पिटल और भारत नेट जैसी योजनाओं ने नागरिकों के जीवन को अधिक सुगम और पारदर्शी बनाया है। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधों में तेजी से वृद्धि हो रही है,जिसमें हैकिंग फिशिंग ऑनलाइन फ्रॉड, पहचान की चोरी और रैनसमवेयर जैसे हमले शामिल हैं। प्रो.श्रीवास्तव ने छात्रों को सावधान करते हुए कहा कि वे अपने व्यक्तिगत और वित्तीय डेटा को सुरक्षित रखें। उन्होंने यह भी बताया कि भारत सरकार ने साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम जैसी संस्थाओं की स्थापना की है,जो साइबर खतरों से निपटने के लिए कार्य करती हैं। इसके बाद एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी ने भी साइबर सुरक्षा विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## आग से गेहूं और सरसों की फसल जली किसानों का भारी नुकसान

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के थाना कौशांबी के हिसामबाद गांव में खेतों में आग लगने से किसानों की खड़ी फसल जलकर राख हो गई मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार आग लगने से भैरव प्रजापति की करीब 1 बीघा गेहूं की फसल पूरी तरह जल गई,वहीं अंकित पांडेय की लगभग 2 बिस्वा सरसों की फसल भी आग की चपेट में आकर नष्ट हो गई।ग्रामीणों का कहना है कि आग किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा लगाए जाने की आशंका है। घटना के बाद लोगों ने काफी मशक्कत कर आग पर काबू पाया,लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। पीड़ित किसानों ने प्रशासन से मामले की जांच कर मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## बालिका से छेड़खानी करने वाले वांछित अभियुक्त को कोखराज पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र में बालिका से छेड़खानी करने के मामले में दर्ज मुकदमे में वांछित अभियुक्त राकेश पुत्र कल्लू निवासी रामपुर सुहेला को थाना क्षेत्र के परसरा मोड़ से शुक्रवार को कोखराज थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है लिखा पढ़ी करने के बाद थाना पुलिस ने वांछित अभियुक्त को अदालत में पेश किया है।

## मारपीट के वांछित अभियुक्त को कोखराज पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र में मारपीट के मामले में आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ था और मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर था जिसकी तलाश थाना पुलिस कर रही थी मुकदमे में वांछित अभियुक्त दयाराम पुत्र सूरज बली निवासी चांदीपुर थाना कोखराज को शुक्रवार की दोपहर को जिला अस्पताल से कोखराज पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के विरुद्ध लिखा पढ़ी करने के बाद थाना पुलिस ने अदालत में पेश किया है।

## न्यायालय सूचना

**न्यायालय नायब तहसीलदार चायल कौशांबी।**

**वाद संख्या २०२५०-२४२५०३२३५ सन २०२५।**

**श्याम कली बनाम गूंगे**

**धारा ३४ रा ० स ० मौजा चक गिरिया तह ० चायल कौशांबी।**

**ता० पेसी १४ / ४/२०२६**

मुकदमे की सुनवाई के दौरान अदालत ने निर्देश दिया है कि वादी श्याम कली पत्नी श्याम लाल निवासी हटवा परगना व तहसील सदर जनपद प्रयागराज मुकदमे की सुनवाई की नियत तारीख १४ / ४/२०२६ को स्वयं अथवा जरिए अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित हो अनुपस्थित रहने पर मुकदमे की सुनवाई एकपक्षीय रूप से की जाएगी।

**मुद्रा और हस्ताक्षर सहित जारी**

# सम्पादकीय

## अदूरदर्शी सरकार होने का खामियाजा

**इरतिजा** निशात का लिखा ये शेर आज भारत के हुक्मरानों को बतौर नसीहत सुनाया जा सकता है। या तो नरेन्द्र मोदी और उनके तमाम सिपहसालार देश और दुनिया की वास्तविकताओं से अनभिज्ञ हैं या उन्हें किसी गड़बड़ी का भान तभी होता है, जब पानी सिर के ऊपर से निकल जाए। 28 फरवरी को ईरान पर हमला बोलने के बाद मध्यपूर्व में एक बड़ी जंग शुरू हो गई थी, जिस की आंच भारत पर भी पड़ रही थी। तब 12 मार्च को राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा था कि पश्चिम एशिया में मौजूदा संघर्ष के कारण देश एलपीजी की कमी का सामना कर रहा है और इसके बावजूद प्रधानमंत्री लोकसभा में आकर इस मुद्दे पर बोलना नहीं चाहते। उन्होंने आरोप लगाया कि 'अमेरिका में अडानी पर आरोप तय होने और एपस्टीन फाइल्स के चलते प्रधानमंत्री मोदी घबराहट में हैं।'

एपस्टीन और अडानी का नाम आते ही राहुल गांधी के भाषण में हंगामा शुरू हो गया और जब उन्होंने एलपीजी संकट पर बोलने की कोशिश की तो उन्हें रोक दिया गया। इसके बाद राहुल गांधी ने संसद के बाहर पत्रकारों से कहा था कि, 'मैंने देश में एलपीजी गैस और तेल की स्थिति पर बयान देने की अनुमति मांगी। लेकिन अब एक नई प्रक्रिया शुरू हो गई है, जिसमें पहले मंत्री तय करेंगे, फिर मैं बोलूंगा, उसके बाद मंत्री जवाब देंगे। असल बात यह है कि ईंधन एक बड़ी समस्या बनने वाला है, क्योंकि हमारी ऊर्जा सुरक्षा पर असर पड़ा है। गलत विदेश नीति ने यह स्थिति पैदा की है। अब हमें तैयारी करनी होगी। हमारे पास अभी थोड़ा समय है। सरकार और प्रधानमंत्री को तुरंत तैयारी शुरू करनी चाहिए, वरना करोड़ों लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।' उन्होंने ये भी कहा था कि, 'यह कोई राजनीतिक बयान नहीं है। मुझे साफ दिखाई दे रहा है कि एक बड़ी समस्या आने वाली है। समस्या यह है कि प्रधानमंत्री देश के प्रधानमंत्री की तरह काम नहीं कर पा रहे हैं। इसके पीछे एक वजह है, वह फंसे हुए हैं। फिर भी उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भारत के लोग सुरक्षित रहें और हमारी ऊर्जा सुरक्षा हमारे नियंत्रण में रहे।' राजनीति

राहुल गांधी के इस बयान पर भाजपा ने उन पर हमला बोला था कि वे बेवजह घबराहट फैला रहे हैं। खुद प्रधानमंत्री मोदी उन दिनों तमिलनाडु और केरलम में चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे और उन्होंने कहा था कि कहीं कोई संकट नहीं है और विपक्ष अफवाहें फैला रहा है। यह वैसा ही बयान था, जैसा कोरोना संकट के वक्त दिया गया था या उससे पहले गलवान पर हमले के वक्त कहा था कि कोई नहीं आया है। अगर प्रधानमंत्री को संदेह का लाभ दिया जाए तब भी यही समझ आता है कि उन्हें जब तक अहसास होता है कि कहीं कोई बड़ी समस्या खड़ी हो चुकी है, तब तक करोड़ों लोग उससे प्रभावित हो चुके होते हैं। इसलिए अगर प्रधानमंत्री से देश नहीं संभल रहा है, तो देशभक्ति की खातिर ही किसी सुपात्र को इस पद की जिम्मेदारी सौंप दें। लेकिन इस वक्त तो समूची भाजपा केवल प्रधानमंत्री के दिखाए को ही देख रही है, वो जो सुनाएं उसे सुन रही है।

# मोदी युग में भारत वाकई बदला मगर गया तो पीछे!

**राजेंद्र शर्मा**

**इन** चुनावों में खुद भाजपा के अपने अल्पसंख्यक मोर्चे के नेता तक बिल्कुल बेरोजगार हैं–चुनाव में उनकी उपस्थिति तो उनके मुस्लिम-विरोधी तेवर को कमजोर जो कर देगी। सच है कि मोदी युग ने भारत को इतना बदल दिया है कि उसे पहचानना ही मुश्किल हो गया है। पहले भी सांप्रदायिक ताकतें हुआ करती थीं, सांप्रदायिक गबड़बड़ियां भी हुआ करती थीं, शासन के आचरण में भी थोड़ा-बहुत पक्षपात भी हो सकता था, लेकिन शासन और राज्य की मुद्रा आमतौर पर निष्पक्ष होती थी।

आखिरकार, प्रधानमंत्री मोदी ने एक नया रिकार्ड कायम कर लिया। मोदी के शीर्ष मंत्रिमंडलीय साथियों की प्रशस्तियों से पूरे देश को यह रिकार्ड बनने का पता चला। यह रिकार्ड है देश में सबसे लंबे समय तक सार्वजनिक पद (वास्तव में मुख्यमंत्री तथा प्रधानमंत्री जैसे शीर्ष पद) पर रहने का। इस 22-23 मार्च को नरेंद्र मोदी को उच्च सार्वजनिक पदों पर रहते हुए 8,931 दिन हो गए। इसके साथ ही नरेंद्र मोदी ने पवन चामलिंग का रिकार्ड तोड़ दिया, जो 24 वर्ष तक सिक्किम के मुख्यमंत्री रहे थे। पवन चामलिंग का मुख्यमंत्री का कार्यकाल, 8,930 दिन का ही था। नरेंद्र मोदी ने 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री का पद संभाला था और 2014 की 26 मई से प्रधानमंत्री के पद पर हैं। और नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री के पद पर रहकर गुजरात को और प्रधानमंत्री के पद पर रहकर देश को जिस दिशा में आगे बढ़ाया है, उसमें बहुत ही मुखर निरंतरताएं हैं। इसलिए, इस रिकार्ड के बहाने 24 वर्ष के नरेंद्र मोदी के इस पूरे कार्यकाल की ही, जिसे 'सेवा' का रिकार्ड बताने पर मोदी के मंत्रिमंडलीय साथियों का खास जोर रहा है, कुछ विशेषताओं को यहां रेखांकित करना अनुपयुक्त नहीं होगा।

मोदी के बाद नंबर दो माने जाने वाले, अमित शाह ने गोल-मोल प्रशस्तियों को दोहराने के साथ ही, इनसे कुछ आगे भी जाने की कोशिश की है। यह कहने के बाद कि 'सेवा के मोदीजी के दशक अपना ही एक युग बन गए हैं', शाह एक्स पर अपनी पोस्ट में इस युग में हुए मुख्य बदलाव भी गिनाते हैं। 'चाहे गरीबों को उनके अधिकार देना हो, चाहे विकास के नये मानक कायम करना हो या वैश्विक मंचों पर राष्ट्र का गौरव बढ़ाना हो, मोदी युग ने भारत को इतना बदल दिया है कि इसको पहचानना ही मुश्किल है।' शाह ने अपने बयान के आखिर में संभवतः अनजाने में जिस एक बड़ी सच्चाई को उगल दिया है, उससे हम भी पूरी तरह सहमत हैं। वाकई 'मोदी युग ने भारत को इतना बदल दिया है कि इसको पहचानना ही मुश्किल है।' आइए, अब जरा इस पर भी तो नजर डाल लें कि मोदी युग ने भारत को किस तरफ इतना बदला है कि पहचान में ही नहीं आता है।

मोदी युग के भारत की बदली हुई पहचान का एक पहलू, सचमुच खुद को भारतीय मानने वाले हर देशवासी को जरूर चुभा होगा। अभी गुजरी ईद पर एक ओर तो प्रधानमंत्री ने अपनी मुबारकबाद दी और दूसरी ओर इसी ईद के गिर्द कम से कम पांच खबरें बिना किसी प्रयास के स्मृति में गढ़ी रह गयीं। पहली खबर प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से थी, जहां गंगा में एक नाव पर रोजा-इफ्तार करने के लिए, 14 मुस्लिम नौजवानों को शुरूआती तौर पर 14 दिन के लिए जेल भेज दिया गया। भाजपा युवा मोर्चा के एक नेता की शिकायत पर पहले गंगा पर नाव में बिरयानी खाकर धार्मिक भावनाओं को चोट पहुंचाने का आरोप लगाया गया, फिर बिरयानी खाकर 'हड्डियां गंगा में डालने का और अंत में मल्लाह की नाव जबरन छीनकर ले जाने का। इसी के पीछे-पीछे दूसरी खबर आई, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के क्षेत्र, गोरखपुर से। यहां पुलिस ने एक खुली जगह पर इफ्तार करने के बाद, चार नौजवानों को गिरफ्तार कर लिया। उन पर आरोप लगाया गया कि उन्होंने बिरयानी खाकर, 'हड्डियां एक नाले में डाल दी थीं। नाला एक मंदिर के करीब था और मंदिर के पुजारी की शिकायत थी कि बिरयानी की 'हड्डियां डालकर, उस नाले का पानी दूषित कर दिया गया, जिस नाले से मंदिर के लोग पानी पीते थे, जिस पानी में खाना बनाते थे और जिस पानी से देव प्रतिमाओं को स्नान कराते थे!

जरा और बाद में उत्तर प्रदेश में ही मैनपुरी में



तथा एक अन्य जगह से, पुलिस अधिकारियों के ईद पर सामूहिक नमाज के लिए इकट्ठे हुए लोगों को अकारण धमकाने-धौंस देने के वीडियो वायरल हुए। पांचवीं खबर, राजधानी दिल्ली में उत्तम नगर से थी, जहां उच्च न्यायालय के आदेश पर पुलिस की बहुत भारी तैनाती के बाद और दर्जनों की गड़बड़ी फैलाने की कोशिश के लिए गिरफ्तारी के बाद, ईद का शांति से निकल जाना, सब के लिए राहत की एक बड़ी खबर बन गया। हिंदुत्ववादी योद्धा लगातार यहां ईद पर खून बहाने की धमकियां दे रहे थे। याद रहे कि यह तो सिर्फ बानगी है। अल्पसंख्यकों के धार्मिक त्यौहारों को तथाकथित हिंदुत्ववादियों द्वारा झगड़े और इकतरफा पुलिस-प्रशासनिक कार्रवाइयों का मौका बनाया जाना, मोदी युग के भारत में जैसे नियम ही बन चुका है। इससे पहले, क्रिसमस पर भी जगह-जगह हमलों तथा गड़बड़ी की खबरें आई थीं। मोदी युग में अल्पसंख्यकों में मुसलमान खासतौर पर निशाने पर हैं, लेकिन ईसाई और यहां तक कि सिख, जैन तथा बौद्ध भी, सुरक्षित कोई नहीं है।

यह बढ़ता सांप्रदायीकरण, मौजूदा सत्ताधारियों द्वारा सचेत रूप से फैलाया जा रहा है और राजसत्ता समेत सभी उपलब्ध औजारों का इस्तेमाल कर के फैलाया जा रहा है। राजसत्ता के समाज के संप्रदायीकरण के लिए सुनियोजित इस्तेमाल का इतिहास, उस मोदी युग जितना ही पुराना है जिसकी बात अमित शाह करते हैं। मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के गुजरात में सत्ता संभालने के चंद महीनों में ही, गुजरात का 2002 का कुख्यात दंगा हो चुका था, जो वास्तव में प्रशासन की शह से, संघ परिवार द्वारा अंजाम दिया गया, मुस्लिमविरोधी नरसंहार ही था। इसके कुछ ही महीने बाद, इस नरसंहार को ही अपना शुभंकर बनाकर नरेंद्र मोदी ने चुनाव में भाजपा को जीत दिलायी और तब तक गुटों में बंटी रही गुजरात भाजपा में अपनी स्थिति सबसे मजबूत कर ली।

मोदी युग में वक्त के साथ सांप्रदायीकरण का यह खेल ज्यादा से ज्यादा बढ़ता तथा ज्यादा से ज्यादा खुलेआम ही होता गया है। इसी क्रम में 2024 के आम चुनाव के समय से, खुलेआम मुस्लिमविरोधी दुहाई का सहारा लेने को नरेंद्र मोदी ने खुद ही अपना प्रमुख हथियार बना लिया है।

अपनी मुस्लिमविरोधी पहचान को स्थापित करने के लिए वह पहले 'तुष्टिकरण'-विरोध की जिस शब्दावली का सहारा लेते थे, उसे छोड़कर अब उन्होंने 'घुसपैठियों' के खतरे की शब्दावली को पकड़ लिया है। विशेष रूप से झारखंड, एक हद तक महाराष्ट्र और पिछले ही दिनों बिहार के चुनाव में 'घुसपैठियों के खतरे' के नारे को जमकर भुनाने के बाद, अब खासतौर पर असम तथा प. बंगाल के चुनाव में संघ-भाजपा सबसे ज्यादा इसी नारे के सहारे हैं। नतीजा यह है कि इन चुनावों में खुद भाजपा के अपने अल्पसंख्यक मोर्चे के नेता तक बिल्कुल बेरोजगार हैं–चुनाव में उनकी उपस्थिति तो उनके मुस्लिम-विरोधी तेवर को कमजोर जो कर देगी। सच है कि मोदी युग ने भारत को इतना बदल दिया है कि उसे पहचानना ही मुश्किल हो गया है। पहले भी सांप्रदायिक ताकतें हुआ करती थीं, सांप्रदायिक गबड़बड़ियां भी हुआ करती थीं, शासन के आचरण में भी थोड़ा-बहुत पक्षपात भी हो सकता था, लेकिन शासन और राज्य की मुद्रा आमतौर पर निष्पक्ष होती थी। यहां तक कि प्रधानमंत्री की हैसियत से अटल बिहारी वाजपेयी ने भी 2002 के नरसंहार के बाद मुख्यमंत्री की हैसियत से नरेंद्र मोदी को उनका यही 'राजधर्म' याद दिलाया था। पर मोदी युग में, सांप्रदायिक भेदभाव ही राजधर्म है!

मोदी युग में कुछ और भी बदला है, जिसने उस भारत को पहचानना मुश्किल बना दिया है, जिसने ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ 100 साल से ज्यादा लड़कर, आजादी हासिल की थी। इस लड़ाई से बनी इस देश की अपनी पहचान को ही मोदी इस युग ने जिस हिकारत से साथ बदला है, उसका जिक्र हम जरा और आगे करेंगे। पहले, इस लड़ाई से निकली आम जनता यानी किसान, मजदूर, कर्मचारी, छोटे व्यवसायी आदि की केंद्रीयता की याद दिला दें, जिसे मोदी युग में पूरी तरह से गायब ही कर दिया गया है। बेशक, आजादी की लड़ाई की राष्ट्रवाद की कल्पना में, देसी पूंजीपतियों की भी जगह थी और स्वतंत्र भारत में अपनायी गयी विकास की नीति में, उन्हें महत्वपूर्ण भूमिका दी गयी थी, हालांकि राजकीय क्षेत्र की भूमिका को उसके ऊपर रखा गया था। धीरे-धीरे पूंजीवादी क्षेत्र की जगह बढ़ती भी गयी। फिर भी शासन की भूमिका आम तौर पर आम लोगों यानी किसानों, मजदूरों व अन्य मेहनत करने वालों के पक्ष में संतुलन को रखने की ही रही। नब्बे के दशक के आरंभ में नव-उदारवाद के आने के साथ, शासन के लिए औपचारिक रूप से आम लोगों की इस केंद्रीयता को जैसे छोड़ ही दिया और आम लोगों के हितों को, हाशिए के बचाव उपायों तक सीमित कर दिया गया। फिर भी पूंजीवादी क्षेत्र को बढ़ावा देने के बावजूद, शासन या राज्य और उसके बीच एक अंतर बना रहा।

# बदहाल मुल्क भी भारत से ज्यादा खुशहाल क्यों?

**अनिल जैन**

**विकास** और बाजारवाद की वैश्विक आंधी ने कई मान्यताओं और मिथकों को तोड़ा है। कुछ समय पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन की आई एक अध्ययन रिपोर्ट में भी बताया गया था कि भारत दुनिया में सर्वाधिक अवसादग्रस्त लोगों का देश है, जहां हर तीसरा-चौथा व्यक्ति अवसाद के रोग से पीड़ित है। यह तथ्य भी इस मिथक की कलई उतारता है कि विकास ही खुशहाली का वाहक है।

वैश्विक आर्थिक मामलों के तमाम अध्ययन संस्थानों द्वारा भारत की आर्थिक स्थिति के गाए जा रहे शोक-गीतों के बीच कथित 'फलती-फूलती अर्थव्यवस्था, 'आर्थिक विकास' के तमाम सरकारी दावों की खिल्ली उड़ाने और उन्हें आईना दिखाने वाली एक और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट आ गई है। संयुक्त राष्ट्र के सस्टेनेबल डेवलपमेंट सॉल्यूशन नेटवर्क और गैलप के सहयोग से ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के वेलबीइंग रिसर्च सेंटर द्वारा तैयार 'वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट-2026' बता रही है कि खुशमिजाजी के मामले में भारत का मुकाम दुनिया के तमाम विकसित और विकासशील देशों से ही नहीं बल्कि पाकिस्तान और नेपाल जैसे बदहाल समझे जाने वाले पड़ोसी देशों से भी पीछे बरकरार है।

संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी यूएनडीपी तमाम आंकड़ों के आधार पर पहले ही बता चुकी है कि भारत टिकाऊ विकास के मामले में दुनिया के 167 देशों की सूची में 99वें स्थान पर है। अमेरिका और जर्मनी की एजेंसियों ने जानकारी दी है कि ग्लोबल हंगर इंडेक्स में दुनिया के 123 देशों में भारत 102वें स्थान पर है। पेंशन सिस्टम की वर्ल्ड रैंकिंग में भारत 47 देशों में 45वें नंबर पर है। पासपोर्ट रैंकिंग में 199 देशों में भारत का 75वां नंबर भी देश की अर्थव्यवस्था खोखली हो जाने की गवाही देता है और अब 'वर्ल्ड हैप्पीनेस इंडेक्सइ में दुनिया के 147 देशों में भारत का मुकाम 116वें नंबर पर है, जो पिछले साल के 118वें नंबर से थोड़ा बेहतर है।

दुनिया भर में भारत की साख सिर्फ आर्थिक मामलों में ही नहीं गिर रही है बल्कि लोकतंत्र, सामाजिक सौहार्द, धार्मिक सहिष्णुता, भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन, अभिव्यक्ति की आजादी, मानवाधिकार और मीडिया की आजादी में भी भारत की अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग साल दर साल नीचे आती जा रही है। ऐसे में खुशहाली के मामले में भारत की स्थिति में गिरावट दर्ज होना जरा भी नहीं चौंकाता।

'वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट' हर साल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्वे करके जारी की जाती है। इसमें अर्थशास्त्रियों की एक टीम समाज में सुशासन, प्रति व्यक्ति आय, स्वास्थ्य, जीवित रहने की उम्र, दीर्घ जीवन की प्रत्याशा, सामाजिक सहयोग, स्वतंत्रता, उदारता आदि पैमानों पर दुनिया के तमाम देशों के नागरिकों




के इस अहसास को नापती है कि वे कितने खुश हैं। खुशहाल देशों के साथ ही सर्वाधिक नाखुश देशों की सूची भी जारी हुई है, जिसमें अफगानिस्तान शीर्ष पर है और भारत 32वें नंबर पर।

दिलचस्प बात यह है कि 13 साल पहले यानी 2013 की रिपोर्ट में भारत 111वें नंबर पर था। तब से अब तक हमारे शेयर बाजार तो लगभग लगातार बढ़त पर ही रहे हैं। फिर भी इस दौरान हमारी खुशी का स्तर नीचे खिसक आने की वजह क्या हो सकती है? दरअसल यह रिपोर्ट इस हकीकत को भी साफ तौर पर रेखांकित करती है कि केवल आर्थिक समृद्धि ही किसी समाज में खुशहाली नहीं ला सकती। इसीलिये आर्थिक समृद्धि के महासागर माने जाने वाले अमेरिका (23) और ब्रिटेन (29) भी दुनिया के सबसे खुशहाल 10 देशों में अपनी जगह नहीं बना पाए हैं।

अगर इस रिपोर्ट को तैयार करने के तरीकों और पैमानों पर सवाल खड़े किए जाएं, तब भी कुछ सोचने का मसाला तो इस रिपोर्ट से मिलता ही है। किसी भी देश की तरक्की को मापने का सबसे प्रचलित पैमाना जीडीपी या विकास दर है। फिर भी इसे लेकर कई सवाल उठते रहे हैं। एक तो यह कि जीडीपी किसी देश की कुल अर्थव्यवस्था की गति को तो सूचित करती है, लेकिन इससे यह पता नहीं चलता कि आम लोगों तक उसका लाभ पहुंच रहा है या नहीं। दूसरे, जीडीपी का पैमाना केवल उत्पादन वृद्धि के लिहाज से ही किसी देश की तस्वीर पेश करता है।

ताजा हैप्पीनेस रिपोर्ट में फिनलैंड दुनिया का सबसे खुशहाल मुल्क है। वह लगातार नौवें साल शीर्ष पर बना हुआ है। फिनलैंड को दुनिया में सबसे स्थिर, सबसे सुरक्षित और सबसे सुशासन वाले देश का दर्जा दिया गया है। वह न्यूनतम भ्रष्ट और सामाजिक तौर पर प्रगतिशील है। उसकी पुलिस दुनिया में सबसे ज्यादा साफ-सुथरी और भरोसेमंद है। वहां हर नागरिक को मुफ्त इलाज की सुविधा प्राप्त है, जो देश के लोगों की खुशहाली की बड़ी वजह है।

वर्ष 2026 की रिपोर्ट में सबसे खुशहाल मुल्कों में फिनलैंड के बाद क्रमशः आइसलैंड, डेनमार्क, कोस्टारिका, स्वीडन, नॉर्वे, नीदरलैंड, इजरायल, लक्जमबर्ग और स्विट्जरलैंड है। इन सभी देशों में प्रति व्यक्ति आय काफी ज्यादा है। यानी भौतिक समृद्धि, आर्थिक सुरक्षा और व्यक्ति की प्रसन्नता का सीधा रिश्ता है। इन देशों में भ्रष्टाचार कम है और सरकार की ओर से सामाजिक सुरक्षा भी काफी है। लोगों पर आर्थिक सुरक्षा का दबाव कम है, इसलिए जीवन के फैसले करने की आजादी भी ज्यादा है। जबकि भारत की स्थिति इन सभी पैमानों पर बदतर है। यहां तक कि हम पाकिस्तान, नेपाल और फिलिस्तीन से भी बदतर स्थिति में है, जो कि हैरान करने वाली बात है।

इस हकीकत की वजह शायद यह है कि भारत में विकल्प तो बहुतायत में हैं, लेकिन उन तक सभी लोगों की पहुंच नहीं है, जिसकी वजह से लोगों में असंतोष है। इस स्थिति के बरअक्स कई देशों में जो सीमित विकल्प उपलब्ध हैं, उनके बारे में भी लोगों को ठीक से जानकारी नहीं है, इसलिए वे अपने सीमित दायरे में ही संतुष्ट और खुश हैं। फिर भारत में तो जितनी आर्थिक असमानता है, वह भी लोगों में असंतोष या मायूसी पैदा करती है। यह बात जरूर गौरतलब है कि कई बड़े देशों की तरह हमारे देश के नीति-नियामक भी आज तक इस हकीकत को गले नहीं उतार पाए हैं कि देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) या विकास दर बढ़ा लेने भर से हम एक खुशहाल समाज नहीं बन जाएंगे।

किसी देश की समृद्धि तभी मायने रखती है, जब वह नागरिकों के स्तर पर हो। भारत और चीन की सरकारों का जोर अपने आम लोगों की खुशहाली के बजाय राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ाने पर रहता है। इसलिए आश्चर्य नहीं कि लंबे समय से जीडीपी के लिहाज से दुनिया में दूसरे और तीसरे नंबर पर रहने के बावजूद चीन और जर्मनी 'वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट' में अभी भी क्रमशः 65वें और 21वें स्थान पर हैं।

भारतीय आर्थिक दर्शन और जीवन पद्धति के सर्वथा प्रतिकूल 'पूंजी ही जीवन का अभीष्ट है' के अमूर्त दर्शन पर आधारित नव-उदारवादी आर्थिक नीतियों और वैश्वीकरण से प्रेरित बाजारवाद के आगमन के बाद समाज में बचपन से अच्छे नंबर लाने, कैरिअर बनाने, पैसे कमाने और सुविधाओं के संसाधन जुटाने की एक होड़ शुरू हो गई है। इसमें जो पिछड़ता है वह निराशा और अवसाद का शिकार हो जाता है, लेकिन जो सफल होता है वह भी अपनी मानसिक शांति गंवा बैठता है। एकल और डिजाइनर परिवारों के चलन ने लोगों को बड़े-बुजुर्गों के सान्निध्य की उस शीतल छाया से भी वंचित कर दिया है जो अपने अनुभव की रोशनी से यह बता सकती थी कि जिंदगी का मतलब सिर्फ 'सफलइ होना नहीं, बल्कि समभाव से उसे जीना है। जाहिर है कि इसी का दुष्प्रभाव बढ़ती आत्महत्याओं, नशाखोरी, घरेलू कलह, रोडरेज और अन्य आपराधिक घटनाओं में बढ़ोतरी के रूप में दिख रहा है। विकास और बाजारवाद की वैश्विक आंधी ने कई मान्यताओं और मिथकों को तोड़ा है। कुछ समय पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन की आई एक अध्ययन रिपोर्ट में भी बताया गया था कि भारत दुनिया में सर्वाधिक अवसादग्रस्त लोगों का देश है, जहां हर तीसरा-चौथा व्यक्ति अवसाद के रोग से पीड़ित है। यह तथ्य भी इस मिथक की कलई उतारता है कि विकास ही खुशहाली का वाहक है। अध्ययन में दुख, निराशा, अरुचि, अनिद्रा आदि अवसाद के जो मानक बनाए गए थे, उनके आधार पर हमारे देश को स्वाभाविक रूप से सर्वाधिक अवसादग्रस्त कहा जा सकता है। क्योंकि हमारे यहां व्यवस्था के जितने भी प्रमुख अंग हैं, चाहे वह राजनीतिक नेतृत्व हो, कार्यपालिका हो, न्यायपालिका हो, पुलिस हो- सभी से आम आदमी को निराशा-हताशा ही हाथ लगी है। राजनीति देश के प्राकृतिक संसाधनों पर मुट्ठी भर लोगों के कब्जे के चलते भी देश में आर्थिक और सामाजिक विषमता को बढ़ावा मिला है। लोकविमुख विकास की सरकारी नीतियों के चलते देश भर में व्यापक पैमाने पर लोगों का विस्थापन हुआ है। उनका यह विस्थापन महज अपने घर-जमीन से ही नहीं, बल्कि अपनी सामाजिकता और संस्कृति से भी हुआ है, जिसने उनमें दुख और नैराश्य भर दिया है। कुल मिलाकर 'वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट' में भारत की हर वर्ष गिरती स्थिति और विश्व स्वास्थ्य संगठन का भारत को सर्वाधिक अवसादग्रस्त देश बताने वाला सर्वे इसी हकीकत की ओर इशारा करता है ।

# भू-माफियाओं पर चला बुलडोजर, एसपी चारू निगम ने 24 घंटे में की बड़ी कार्रवाई

**अखंड भारत संदेश**

**सुलतानपुर। अवैध** अतिक्रमण और भू-माफियाओं के खिलाफ चल रही खबर के वायरल होने के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी चारू निगम ने 24 घंटे के भीतर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की। पुलिस, राजस्व और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर नाले पर किए गए अवैध कब्जे को बुलडोजर से हटवाया। बताया जा रहा है कि शिकायत में कथित भू-माफिया



मुकेश गोयल के अवैध निर्माण का जिक्र था, जिस पर सीधे कार्रवाई की गई। इस पूरे घटनाक्रम के बाद जिले में सक्रिय भू-माफिया गिरोहों में हड़कंप मच गया है। सूत्रों के अनुसार एसपी ने भू-माफियाओं के पूरे सिंडिकेट और उन्हें संरक्षण देने वाले तंत्र पर भी नजर टिका दी है।

# माता प्रसाद हत्याकांड के मुख्य आरोपी सहित दो हुए गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर । कुड़वार** थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व हुए सनसनीखेज गोलीकांड मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मामले के मुख्य आरोपी सहित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया,जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।जानकारी के अनुसार कुड़वार बाजार स्थित कमला गैस एजेंसी के पास हुई गोलीकांड की घटना में शामिल मुख्य आरोपी रमेश मौर्या (51) पुत्र तुलसीराम मौर्या तथा



अनुराग मौर्या (27) पुत्र रमेश मौर्या निवासी नरवापार गांव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को अदालत के आदेश पर जिला कारागार भेज दिया गया।बताया जाता है कि नरवापार गांव निवासी 55 वर्षीय माता प्रसाद पांडे पुत्र स्वर्गीय वशिष्ठ पांडे को जमीन विवाद के चलते गोली मार दी गई थी।

# इलाज के दौरान आरक्षी की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर। कुड़वार** थाना क्षेत्र के मढहा निवासी आरक्षी कपिल दूबे (35) की मौत से पूरे क्षेत्र और पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। मढहा गांव निवासी कपिल दूबे सीतापुर जिले के तंबौर थाने की दलपतपुर चौकी पर तैनात थे। उनके बड़े भाई राजकुमार दुबे ने बताया कि 21 मार्च को अचानक तबीयत खराब होने पर उन्हें पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर होने पर लखनऊ के पीजीआई में रेफर किया गया। गुरुवार को इलाज के दौरान उनका



निधन हो गया।

शुक्रवार को उनका शव पैतृक गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सीओ सिटी सौरभ सामंत और थानाध्यक्ष तरुण पटेल ने घर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी और पुलिस टीम के साथ शव को कंधा देकर अंतिम विदाई दी। मृतक अपने पीछे पत्नी, एक बेटा और एक बेटी छोड़ गए हैं।

# क्या खनिज अधिकारी खनन माफियाओं को दे रहे हैं लगातार क्लीन चिट?

## अवैध खनन पर लीपापोती ?

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिले की फिजाओं में इन दिनों एक अजीब सी खामोशी गूंज रही है- शिकायतें उठती हैं, वीडियो सामने आते हैं, मगर हर बार नतीजा एक ही निकलता है। सब कुछ ठीक है। जिलाधिकारी के निर्देश पर खनिज अधिकारी ने रेडी भुसौली खदान का निरीक्षण कर सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और फोटो को भ्रामक बताते हुए सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया, लेकिन यह कोई पहली दास्तान नहीं है। इससे पहले गोंडा, भरतकूप क्षेत्र में उठे अवैध खनन के आरोप भी इसी अंदाज में नकार दिए गए थे, जबकि ग्रामीणों की आवाज इतनी बुलंद थी कि जवाब पाने के लिए उन्हें आरटीआई तक का सहारा लेना पड़ा।

समय समय पर लेखकों ने सरकार पर ऐसे ही कटाक्ष किया है- हर बार ह्यसब सहीह्न का फरमान सुनाया जाता है, लगता है सच से पहले कोई और दरबार लगाया जाता है। अब सवाल है कि जब जमीनी आवाजें बार-बार उठती हैं और हर बार उन्हें खारिज कर दिया जाता है, तो सच्चाई आखिर किस दरवाजे पर दस्तक दे। निरीक्षण के दौरान कितने ग्रामीणों से संवाद हुआ, क्या किसी स्वतंत्र तकनीकी माध्यम-ड्रोन, जीपीएस या वीडियोग्राफी- से सत्यापन किया गया, और किन आधारों पर वायरल वीडियो व फोटो को गलत ठहराया गया- ये तमाम सवाल अब भी जवाब की प्रतीक्षा में हैं। क्या कहीं ऐसा तो नहीं कि विजित से पहले सब कुछ सेटल्ड करा दिया गया? स्थानीय स्तर पर संवादहीनता, फोन न उठाने और पारदर्शिता के अभाव के आरोप भी चर्चा में हैं, जो इस पूरे प्रकरण को और संदेहास्पद बनाते हैं। ऐसे में चित्रकूट का यह मामला अब केवल खनन तक सीमित नहीं, बल्कि भरोसे की कसौटी बन गया है- जहां हर क्लीन चिट के बाद एक नया सवाल जन्म लेता है- क्या सच सामने आएगा, या हर बार कागज ही बाजी मार लेगा?



आरोपों की बीच वायरल वीडियो में ओवरलोड ट्रक

# वनाधिकारी पर लगे फर्जी मुकदमे में फंसा कर जिंदगी बर्बाद करने की धमकी के आरोप

- कागजों में उगे जंगल, जमीन पर सन्नाटा
- हरियाली के नाम पर अरबों का खेल?

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** कर्वी रेंज में वृक्षारोपण कार्यों को लेकर एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है, जहां लगभग दस करोड़ रुपये के कथित घोटाले के आरोप सामने आए हैं। ग्राम सेमरदहा निवासी अनिल कुमार मिश्रा ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2021 से 2025 के बीच बहिलपुरवा सेक्शन के अंतर्गत मटरदर, रुखमा खुर्द, शीतलपुर, सेमरदहा और चन्द्रामारा क्षेत्रों में कराए गए वृक्षारोपण कार्यों में भारी अनियमितताएं हुई हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि कई बार शासन और प्रशासन को लिखित शिकायत देने के बावजूद अब तक कोई निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई, बल्कि अधिकारियों द्वारा कार्यालय में बैठकर ही जवाब तैयार कर मामले को दबाने की कोशिश की गई। मामले ने उस समय गंभीर मोड़ ले लिया जब 16 फरवरी 2026 की शाम कथित तौर पर संबंधित वनाधिकारी और अन्य कर्मचारियों ने शिकायतकर्ता के घर पहुंचकर उसे शिकायत वापस लेने के लिए धमकाया। आरोप है कि शिकायत बंद न करने पर झूठे मुकदमों में फंसाने और जीवन बर्बाद करने की चेतावनी दी गई। शिकायतकर्ता ने यह भी दावा किया कि जब उसने मौके पर किए गए कार्यों की जीपीएस लोकेशन दिखाने को कहा, तो जवाब में यह स्वीकार किया गया कि कार्य वास्तव में नहीं कराए गए। इस पूरे घटनाक्रम ने वन विभाग की कार्यप्रणाली और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, वन मंत्री सहित उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र भेजकर मामले की निष्पक्ष जांच और सुरक्षा की मांग की है। इस संबंध में जिम्मेदार अधिकारी से बात करने की कोशिश की गई पर खबर लिखे जाने तक फोन नही उठा।



पीड़ित आरोपी अनिल मिश्राा

# अभिजीत मुहूर्त में गूंजा भए प्रकट कृपाला, चित्रकूट राममय, उमड़ा जनसैलाब

**चित्रकूट।** जिले की पावन धरती उस वक्त भक्ति और उल्लास के सागर में डूब गई, जब अभिजीत मुहूर्त में रघुबीर मंदिर (बड़ी गुफा) में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव दिव्य आस्था के साथ मनाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और श्रीरामचरितमानस के नवान्ह पारायण के बाद बधाई गीतों की मधुर ध्वनि से मंदिर प्रांगण गूंज उठा। ठीक दोपहर 12 बजे शंख, घड़ियाल, ढोल-नगाड़ों और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जैसे ही कपाट खुले, ह्वभए प्रकट कृपाला दीन दयालाह्व की गूंज ने वातावरण को राममय कर दिया। अबीर-गुलाल और पुष्पों की होली के बीच सुसज्जित युगल सरकार के दर्शन को हजारों श्रद्धालु उमड़ पड़े। संत-महंतों की गरिमामयी उपस्थिति और सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के सानिध्य में भव्य भंडारे के साथ यह आयोजन श्रद्धा, संस्कृति और सनातन परंपरा का अद्भुत संगम बन गया।



# बिना नंबर प्लेट के दौड़ते ई-रिक्शा, शिवरामपुर में सिस्टम की चुप्पी या मिलीभगत?

**चित्रकूट।** कर्वी कोतवाली क्षेत्र के शिवरामपुर चौकी अंतर्गत सड़कों पर इन दिनों कानून मानो ब्रेक फेल हो गया हो। बिना नंबर प्लेट और बिना पंजीकरण के ई-रिक्शा खुलेआम फरार्टा भर रहे हैं, और जिम्मेदार महकमा मानो आंखें मूंदे बैठा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक दर्जनों ई-रिक्शा बिना किसी वैध दस्तावेज के सड़कों पर संचालित हो रहे हैं, जिससे न सिर्फ यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि परिवहन विभाग को इसकी भनक तक नहीं, या फिर सब कुछ ह्यसहमतिह्न से चल रहा है? सूत्रों की मानें तो यह पूरा खेल बिना विभागीय संरक्षण के संभव नहीं है। आखिर कब तक नियमों की धज्जियां उड़ती रहेंगी और जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे रहेंगे? अब बड़ा सवाल है कि क्या इस लापरवाही पर कोई ठोस कार्रवाई होगी या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा। शिवरामपुर की सड़कों पर दौड़ते ये ई-रिक्शा सिर्फ सवारी नहीं ढो रहे, बल्कि सिस्टम की नाकामी को भी उजागर कर रहे हैं।



बिना नम्बर प्लेट का ई रिक्शा

## मऊ निबंधक कार्यालय भवन निर्माण के लिए 101.745 लाख की दूसरी किस्त स्वीकृत

**चित्रकूट।** जिले में निबंधन विभाग के नए भवन को लेकर प्रशासन ने रफ्तार तेज कर दी है। शासन से 228.95 लाख रुपये की लागत पर स्वीकृति मिलने के बाद 101.745 लाख की दूसरी किस्त जारी होते ही निर्माण कार्य ने गति पकड़ ली है। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को सख्त निर्देश दिए हैं कि तय समय सीमा में मानक के अनुरूप गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। अब निगाहें इस पर टिकी हैं कि करोड़ों की यह परियोजना तय वक्त पर पूरी होती है या फिर फाइलों में ही अटक जाती है।

# जिले में समाज कल्याण योजनाओं के तहत आवेदन और लाभ वितरण जारी

**चित्रकूट।** जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ वैभव त्रिपाठी ने जनपद में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग भारत सरकार की अव्यय योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों हेतु राज्य कार्ययोजना लागू की गई है। इसके तहत वृद्धजनों को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ जागरूकता एवं सामुदायिक जुड़ाव कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे, जिनके क्रियान्वयन हेतु पात्र गैर-सरकारी संस्थाओं से 28 मार्च तक प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। वहीं समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत फरवरी माह में 247 लाभार्थियों को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिससे वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 567 लाभार्थी लाभान्वित हो चुके हैं। प्रत्येक पात्र लाभार्थी को 30,000 रुपये की धनराशि आधार आधारित प्रणाली के माध्यम से सीधे बैंक खातों में प्रेषित की जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना में आवेदन की प्रक्रिया जारी है और पात्र नागरिक निर्धारित पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# ढोल-ताशों की गूंज में बरगढ़ बना अयोध्या निकली भव्य राम शोभायात्रा




**बरगढ़/चित्रकूट।** राम नवमी के पावन अवसर पर बरगढ़ का माहौल गुरुवार को भक्ति, उल्लास और सांस्कृतिक ऊर्जा से सराबोर नजर आया, जब मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा पूरे नगर में धूमधाम से निकाली गई। बाजार से शुरू हुई यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए आस्था की अद्भुत मिसाल बन गई। आकर्षक झांकियों में श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न की सजीव प्रस्तुति श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रही। रथों पर विराजमान स्वरूप, घोड़ों की टाप, ताशा-ढोल और डीजे की गूंज के बीच भगवा पताकाओं के साथ रामभक्त झूमते नजर आए। भजनों की मधुर धुनों और सांस्कृतिक नृत्यों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। यह आयोजन केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, अनुशासन और सनातन संस्कृति की जीवंत झलक बनकर उभरा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं की भागीदारी ने इसे यादगार बना दिया।

## जिले में राम शैया का कायाकल्प- पर्यटन में खुलेगा विकास का नया अध्याय

**चित्रकूट।** जिले की पावन धरा पर स्थित राम शैया स्थल अब केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि आधुनिक पर्यटन का नया चेहरा बनने जा रहा है। उत्तर प्रदेश शासन के पर्यटन विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत यहां समग्र विकास की ऐसी कार्ययोजना शुरू हुई है, जो श्रद्धालुओं को सुविधाओं के साथ अनुभव भी देगी। मल्टीपर्पज हॉल, यात्री सुविधा केंद्र, आधुनिक टॉयलेट, भव्य स्वागत द्वार और आकर्षक साइनज से लेकर स्टोन फ्लोरिंग और म्यूरल आर्ट तक- हर पहलू को नए सिरे से संवारा जाएगा। रोशनी की आधुनिक व्यवस्था, ऊर्जा दक्ष लाइटिंग और सुरक्षित वायरिंग से परिसर जगमगाएगा, वहीं जल आपूर्ति, सीवरेज और स्वच्छता तंत्र को भी मजबूत किया जाएगा। हरियाली बढ़ाने के लिए वृक्षारोपण और उद्यानिकी विकास पर भी जोर रहेगा। यह परियोजना न सिर्फ चित्रकूट की धार्मिक पहचान को मजबूती देगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए दरवाजे भी खोलेगी- जहां आस्था और विकास एक साथ कदम बढ़ाते नजर आएंगे।

# बरगढ़ आईटीआई की कौशल प्रदर्शनी में चमका युवाओं का टैलेंट, मशीनों संग सपनों को दी उड़ान

अखंड भारत संदेश

**बरगढ़/चित्रकूट।** शुक्रवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बरगढ़ में आयोजित तकनीकी कौशल प्रदर्शनी ने युवाओं की प्रतिभा और नवाचार का जीवंत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक चित्रकूट धाम मंडल राधेश्याम यादव रहे, जिन्होंने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें आधुनिक तकनीकों से जुड़कर प्रयोगात्मक कार्यों पर अधिक ध्यान देने की प्रेरणा दी। सात ट्रेड के छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने प्रोजेक्ट्स के माध्यम से उत्कृष्ट कौशल दिखाया। इलेक्ट्रीशियन छात्रों ने ट्रांसमिशन लाइन फॉल्ट डिटेक्शन और वायरिंग मॉडल प्रस्तुत किए, वहीं ड्रोन ट्रेड में हेक्साकॉप्टर और 3डी प्रिंटिंग आकर्षण का केंद्र रहे। फिटर, वेल्डर और फैशन डिजाइनिंग के छात्रों ने भी रचनात्मकता का अनूठा परिचय दिया। सभी प्रोजेक्ट्स में प्रशिक्षकों का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन रहा। अंत में प्रधानाचार्य समरजीत सिंह और एडमिन शत्रुघ्न प्रजापति ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए छात्रों को निरंतर कौशल विकास हेतु प्रेरित किया।



बरगढ़ आईटीआई में छात्र व अतिथिगण

## पढ़ाई के साथ फिटनेस और फोक म्यूजिक, बेटियों के सपनों को मिला नया मंच

चित्रकूट। जिले की बेटियों के लिए शिक्षा अब सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं रही, बल्कि अब इसमें सेहत और संस्कृति का भी दमदार तड़का जुड़ गया है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, लखनऊ के निर्देश पर जिले के चार कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय- शिवरामपुर, मानिकपुर, पहाड़ी और मऊ- में ओपन जिम उपकरणों और लोक संगीत वाद्ययंत्रों की खरीद ने माहौल बदल दिया है। 518 छात्राओं को सीधा लाभ मिलने से अब उनकी दिनचर्या अधिक सक्रिय, संतुलित और रचनात्मक बन सकेगी। यह पहल न केवल शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाएगी, बल्कि आत्मविश्वास और प्रतिभा को भी नई उड़ान देगी, जिससे स्कूलों की कार्यप्रणाली में भी नया उत्साह नजर आएगा।

# गढ़चपा में गूंजा जय श्रीराम, भव्य शोभा यात्रा ने रचा आस्था का इतिहास

**मानिकपुर/चित्रकूट।** रामनवमी के पावन पर्व पर ग्राम गढ़चपा भक्ति और उत्साह के रंग में सराबोर नजर आया, जब भाजपा नेता जिला पंचायत सदस्य प्रधान प्रतिनिधि अरुण सिंह बघेल मिंटू सिंह के नेतृत्व में भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जयघोष जय श्री राम से गूंजते गांव की गलियों में सैकड़ों ग्रामीणों और युवाओं की आस्था उमड़ पड़ी। शोभा यात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह ऐसा था मानो पूरा गांव ही राममय हो उठा हो। इस अवसर पर अरुण सिंह बघेल ने प्रभु श्रीराम से ग्राम, क्षेत्र और जनपदवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए सभी पर कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष ऐंचवारा श्रवण पटेल, द्रोणाचार्य द्विवेदी, इंद्र नारायण मिश्रा, शांतनु सिंह, केशव शुक्ला, राजू शुक्ला, छोटा चौबे, पप्पू सिंह, विनोद सिंह, महेंद्र सिंह, शैलेन्द्र सिंह, सुभाष गुप्ता, कपिल चतुवेर्दी, ठाकुर अंश सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।



## जिले में 279 लाख से बनेगा एबीसी सेंटर आवारा कुत्तों पर अब लगेगा नियंत्रण

**चित्रकूट।** जनपद मुख्यालय पर आवारा स्वानों की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि पशु जन्म नियंत्रण केंद्र (एबीसी सेंटर) की स्थापना हेतु शासन ने 279.03 लाख रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर पूरी धनराशि नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम कर्वी को जारी कर दी है। इस केंद्र का निर्माण सीएनडीएस के माध्यम से कराया जाएगा, जिसकी क्षमता लगभग 500 निराश्रित स्वानों की होगी। यहां स्वानों का बंध्याकरण और टीकाकरण किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कार्य शीघ्र प्रारंभ कर मानकों के अनुरूप पूरा कराने के निर्देश दिए हैं, जिससे आमजन को राहत मिल सके।

## जिले के 7 पीएम श्री विद्यालयों में 132 फर्नीचर की आपूर्ति

**चित्रकूट।** जिले के सरकारी स्कूलों में अब बदलाव की आहट साफ सुनाई दे रही है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की पहल पर जनपद के 07 पीएम श्री परिषदीय विद्यालयों में 132 नए फर्नीचर की आपूर्ति ने शिक्षा व्यवस्था को नई चमक दे दी है। कछारपुरवा से लेकर मानिकपुर तक फैले इन विद्यालयों में पढ़ने वाले 2205 छात्र-छात्राओं को अब जर्जर बैठकों से राहत मिलेगी। मेसर्स अटल इंटर प्राइजेज लखनऊ द्वारा की गई इस आपूर्ति को शिक्षा के स्तर में सुधार की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

# एक तरफ पाकिस्तान को मध्यस्थता में तरजीह, दूसरी तरफ पीएम मोदी को फोन, क्या है ट्रंप की ईरान स्ट्रैटेजी?

**ईरान**

**ईरान** युद्ध के लगभग चार सप्ताह बाद, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया। इससे एक दिन पहले, विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से बात की थी। इसी बीच, अमेरिकी युद्ध उप सचिव भारत दौरे पर हैं। भारत के साथ अमेरिका की इन त्वरित मुलाकातों ने एक सवाल खड़ा कर दिया है। क्या इसमें पाकिस्तान फैक्टर भी शामिल है। ट्रंप द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को अचानक फोन करना और भारत से संपर्क साधना भू-राजनीतिक विशेषज्ञों द्वारा नुकसान को कम करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। यह समय बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह ऐसे समय में हो रहा है जब पाकिस्तान ईरान के साथ संघर्ष को समाप्त करने के लिए अमेरिका का पसंदीदा मध्यस्थ बनकर उभरा है। दरअसल, इस्लामाबाद जल्द ही ईरान के साथ बातचीत के लिए शीर्ष अमेरिकी अधिकारियों की मेजबानी कर सकता है। इससे नई दिल्ली में बेचैनी होना तय है। अमेरिका इस बात से भलीभांति अवगत है।

ईरान पर ट्रंप और मोदी की बातचीत?

अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर, जिन्होंने वाशिंगटन-दिल्ली संबंधों में आए थोड़े तनाव के बाद उन्हें फिर से पटरी पर लाने में अहम भूमिका निभाई है, ने एक मीडिया हाउस को बताया कि ट्रंप प्रधानमंत्री मोदी को नवीनतम घटनाक्रमों से अवगत रखना चाहते थे। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह बातचीत ट्रंप द्वारा ईरान के बिजली संयंत्रों पर हमले की धमकी को पांच दिनों के लिए स्थगित करने और यह दावा करने के एक दिन बाद हुई कि अमेरिका ईरान के साथ सार्थक बातचीत कर रहा है। ट्रम्प-मोदी की बातचीत की खबर, जो युद्ध के बाद पहली और इस साल की दूसरी बातचीत थी, सबसे पहले गोर ने दी। गोर ने बताया कि उन्होंने मध्य पूर्व की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की, जिसमें होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने का महत्व भी शामिल था।

ईरान को लेकर भारत का स्टैंड

दुनिया के लगभग 20% तेल और गैस का परिवहन होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर होता है। युद्ध ने न केवल इस महत्वपूर्ण मार्ग से होने वाले परिवहन को बुरी तरह प्रभावित किया है, बल्कि वैश्विक तेल की कीमतों में भी भारी उछाल लाया है। भारत, जो अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का



90% आयात करता है, आर्थिक संकट से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। हालांकि ईरान ने कुछ भारतीय तेल और एलपीजी टैंकरों को जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दी है, लेकिन इससे देश में खाना पकाने की गैस का संकट कम नहीं हुआ है। इस प्रकार, भारत एक हितधारक भी है और पीड़ित भी, जैसा कि भू-राजनीतिक विशेषज्ञ ब्रह्मा चेलानी ने रेखांकित किया है। इसलिए, स्वाभाविक रूप से, होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने के उपायों पर ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के बीच चर्चा हुई। यह भी नहीं भूलना चाहिए कि भारत के ईरान के साथ घनिष्ठ रणनीतिक संबंध हैं और तेहरान के राष्ट्रपति और विदेश मंत्री के साथ कई दौर की वार्ताएं हो चुकी हैं। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि भारत तनाव कम करने और जल्द से जल्द शांति बहाल करने का समर्थन करता है। होर्मुज जलडमरूमध्य का खुला, सुरक्षित और सुलभ रहना पूरी दुनिया के लिए आवश्यक है।

ट्रंप ने अचानक प्रधानमंत्री मोदी को फोन क्यों किया?

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि इस्लामाबाद वार्ता को सुगम बनाने के लिए मेजबानी करने को तैयार है। बाद में ट्रंप ने शरीफ की पोस्ट साझा की। चेलानी ने ट्वीट किया, इससे ट्रंप के फोन कॉल की वजह समझ में आती है। भारत को 'बातचीत में शामिल रखने' की भाषा सिर्फ आश्वासन देने का एक तरीका है ताकि बात को नरम किया जा सके। ट्रंप यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि मोदी इसे व्यक्तिगत रूप से न लें। यहां तक कि अमेरिकी युद्ध उप सचिव एलब्रिज कोल्बी ने भी दिल्ली में एक सभा को संबोधित करते हुए भारत को क्षेत्र में एक अत्यावश्यक भागीदार बताया।

पाकिस्तान कैसे बना मीडिल मैन

हालांकि, शांति स्थापित करने की पाकिस्तान की इस जल्दबाजी के पीछे रणनीतिक मजबूरियां और उसके विदेशों में अपनी छवि सुधारने और खाड़ी क्षेत्र में एक विश्वसनीय कूटनीतिक शक्ति के रूप में उभरने का प्रयास जैसे अपने स्वार्थ हैं।

# रूसी इलाके में इजरायल ने दागी मिसाइल? तगड़ा जवाब आया

**रूस**

**मिडिल** ईस्ट की जंग अब ऐसे मोड़ पर है जहां इसकी सीमाएं तेजी से टूटती नजर आ रही हैं। खबर आई कि कैप्सियन सी में इजराइल ने एक बड़ा हमला किया। बताया जाता है कि इजराइल ने पहली बार कैप्सन सागर में हमला करते हुए उस सप्लाई लाइन को निशाना बनाया जो रशिया और ईरान के बीच हथियारों की आवाजाही के लिए बेहद अहम मानी जाती है। यह सिर्फ एक हमला नहीं था बल्कि एक साफ संदेश कि अब जंग की कोई सीमा नहीं बची। इसकी तस्वीरें भी इजराइल की तरफ से जारी की गई। माना गया कि इसी लिंक को निशाना बनाया गया है। इस सवाल के जवाब में जब रूस ये पूछा गया कि किस तरह से इन हमलों को देखते हैं तो क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेशकोव ने क्या कहा है यह भी जानना बड़ा जरूरी हो जाता है। दिमित्री पेशको कहते हैं कि यह बहुत नकारात्मक खबर है। हालांकि उनको इस तरह की कोई रिपोर्ट अभी तक मिली नहीं है।



इजराइल ने इस तरह के हमले को अंजाम देते हुए यह दावा किया कि उसने ऐसे दर्जनों बोट्स को निशाना बनाया जो एक तरह से मिसाइल बोट्स थी। मिलिट्री के स्पोक पर्सन ने कहा है कि ईरान की नेवल कैपेसिटी को निशाना बनाते हुए इस क्षेत्र को निशाना बनाया गया जहां से हथियारों की सप्लाई हो रही थी। दरअसल कैस्पियन सागर दुनिया का सबसे बड़ा इनलैंड वाटर बॉडी लंबे समय से रूस और ईरान के लिए एक सुरक्षित रास्ता बना हुआ था। यहां अमेरिकी नौसेना की पहुंच नहीं मानी जाती है। इसलिए यह इलाका हथियारों की सप्लाई के लिए लगभग सेफ जोन बन गया था। इसी रूट के जरिए बताया जाता है कि ड्रोन, आर्टिलरी शेल्स, भारी मात्रा में गोला बारूद ट्रांसफर किए जा रहे थे। रिपोर्ट के मुताबिक लाखों राउंड और हजारों शेल्स इसी रास्ते से भेजे गए जिससे जंग में दोनों देशों की ताकत बढ़ती रही। इस सप्लाई चेन में सबसे अहम भूमिका निभा रहे थे।

ईरान के शाहिद ड्रोन जिन्हें रशिया यूक्रेन में इस्तेमाल कर रहा था और ईरान खुद खाड़ी क्षेत्र में अपने ऑपरेशंस में यानी कि यह ड्रोंस इस पूरे नेटवर्क की रीड बन चुके थे। अब इसी नेटवर्क को तोड़ने के लिए इजराइल ने कैप्सन तट पर मौजूद बंदर अंजली पोर्ट को निशाना बनाया। इस हमले में वॉरशिप, नेवल कमांड सेंटर, शिपयार्ड, रिपेयर फैसिलिटीज तक को टारगेट किया गया। पूरे घटनाक्रम ने एक बात साफ कर दिया है कि रूस और ईरान के बीच बढ़ता सैन्य गठजोड़, जंग के दौरान रूस ने ईरान को एडवांस टेक्नोलॉजी और इंटेलिजेंस सपोर्ट जैसी चीजें मुहैया कराई होंगी।

# 66 अमेरिकियों के साथ ईरान का खौफनाक काम, बदले की आग में जल रहे ट्रंप



**अमेरिका**

**दुनिया** की राजनीति में कुछ कहानियां ऐसी होती हैं, जो सिर्फ इतिहास ही नहीं बल्कि वर्तमान में भी बड़े टकराव की जड़ बन जाती है। एक ऐसी ही कहानी जिसमें सत्ता बदली, रिश्ते टूटे और भरोसे की जगह गरही दुश्मनी ने ले ली। कभी एक दूसरे के दोस्त देश कैसे एक दूसरे के सबसे बड़े विरोधी बन गए। उस दौर की ऐसी कहानी जहां से शुरू हुआ टकराव जिसका असर आज भी खत्म नहीं हुआ है। 4 नवंबर 1979 अमेरिका के विदेश मंत्रालय में टेलीफोन की घंटी बजती है। फोन ईरान के अमेरिकी दूतावास से था और कॉल पर ऑफिसर एलिजाबेथ स्विफ्ट थी। एक ही सांस में उन्होंने कहना शुरू किया कि ईरानियों ने हमला कर दिया है। भीड़ दीवार फांद कर अंदर घुस रही है। दूतावास पर कभी भी कब्जा हो सकता है। स्विफ्ट अभी फोन पर ही थी, तभी ईरानियों ने दूतावास की पहली मंजिल में आग लगा दी। सभी कर्मचारी बाहर की तरफ भागे। दूतावास के स्टाफ को मेन गेट खोलना पड़ा। फोन कटने से पहले स्विफ्ट के आखिरी शब्द थे- वी आर गोइंग।

डाउन दूतावास तबाह होने वाला था। अगले कुछ मिनटों में अमेरिकी डिप्लोमेट्स और कर्मचारियों को बंधक बना लिया गया। उनकी आँख पर पट्टी बांध दी गई। ना उन्हें कुछ देखने की इजाजत थी ना ही कुछ बोलने की। यह खबर जैसे ही अमेरिका तक पहुंची पूरी सरकारी मशीनरी सक्रिय हो गई। राष्ट्रपति जिम्मी कार्टर पल-पल की खबर ले रहे थे। कुछ देर बाद अचानक उनकी नजर टीवी स्क्रीन पर पड़ी जो नजारा दिखा उसने दुनिया के सबसे ताकतवर आदमी के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी। तेहरान में अमेरिकी नागरिकों, राजदूतों और कर्मचारियों को परेड कर ले जाया जा रहा था। पीछे भीड़ उनकी मौत के नारे लगा रही थी। पूरी दुनिया यह नजारा देख रही थी, सुपर पावर अमेरिका को ईरान ने घुटनों पर ला दिया था।

अमेरिका को कैसे ईरान ने सिखाया इतिहास का सबसे बड़ा सबक

1 अप्रैल 1979 को ईरान को एक इस्लामिक रिपब्लिक घोषित कर दिया गया। लेकिन खुमैनी का बदला अभी पूरा नहीं हुआ था वह शाह पहलवी को सबक सिखाना चाहते थे साथ ही अमेरिका को भी अब अमेरिका को क्यों क्योंकि शाह कैंसर का इलाज कराने के बहाने ईरान से भागकर अमेरिका चले गए थे उस वक्त अमेरिका के राष्ट्रपति थे जिमी कार्टर ईरान ने अमेरिका से शाह को लौटाने के लिए कहा लेकिन अमेरिका ने ऐसा करने से मना कर दिया क्रांति के बाद दोनों देशों के बीच डिप्लोमेटिक रिलेशंस खत्म हो चुके थे पर खुमैनी को बदला लेना ही था। 4 नवंबर 1979 को वह दिन भी आ गया सुबह-सुबह एक भीड़ अमेरिकी दूतावास की तरफ बढ़ने लगी। यह प्रदर्शनकारियों की भीड़ थी। इस भीड़ को खुमैनी का मौन समर्थन प्राप्त था। देखते ही देखते सभी डिप्लोमेट्स और कर्मचारियों को बंदी बना लिया गया जो संख्या में 66 थे।

# पाकिस्तान में बड़ा ट्रेन हादसा, पटरी से उतरे रेल के डब्बे, 25 घायल



**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** के पंजाब प्रांत में एक ट्रेन के सात डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे कम से कम 25 लोग घायल हो गए। यह घटना लाहौर से लगभग 400 किलोमीटर दूर लोध्रान में हुई, जिसके चलते अधिकारियों को प्रभावित पटरी पर रेल यातायात निलंबित करना पड़ा। कराची जा रही तेजगाम एक्सप्रेस लाहौर रेलवे स्टेशन से शाम को रवाना हुई थी और बहावलपुर-लोध्रान खंड पर आदम वाहन रेलवे स्टेशन के पास रात करीब 9.30 बजे पटरी से उतर गई। अधिकारियों ने बताया, ट्रेन आदम वाहन रेलवे स्टेशन के पास पहुंचते ही पटरी से उतर गई। सात डिब्बे पटरी से उतर गए, जिनमें कुछ यात्री फंस गए। लगभग 25 यात्री घायल हुए हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। लोधरान के उपायुक्त अब्दुल हाफि ज के अनुसार, कराची जाने वाली तेजगाम एक्सप्रेस मंगलवार शाम को लाहौर रेलवे स्टेशन से रवाना हुई थी। उन्होंने बताया, ट्रेन बहावलपुर-लोधरान खंड पर आदम वाहन रेलवे स्टेशन के पास रात 9:30 बजे पटरी से उतर गई। उपायुक्त ने बताया, सात बोगियां पटरी से उतर गईं, जिनमें कुछ यात्री फंस गए। लगभग 25 यात्री घायल हुए हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। हालांकि, किसी की जान नहीं गई है। उन्होंने बताया कि पंजाब आपातकालीन विभाग के बचाव दल 1122 ने फंसे हुए यात्रियों को बचाया और उन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया। रेलवे अधिकारी ने बताया कि डिब्बों के बीच लगे कपलर के टूटने से ट्रेन पटरी से उतर गई।

# ईरान जंग में अपने घर में ही 'हार' गए ट्रंप, गिर गई लोकप्रियता, सर्वे ने उड़ाए होश!

**ईरान**

**हाल** ही में हुए रॉयटर्स/इप्सोस सर्वेक्षण के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की लोकप्रियता में उल्लेखनीय गिरावट आई है। सर्वेक्षण से पता चलता है कि केवल 36% अमेरिकी ही उनके प्रदर्शन से संतुष्ट हैं, जबकि एक सप्ताह पहले यह आंकड़ा 40% था। सत्ता में वापसी के बाद से उनकी लोकप्रियता में यह सबसे निचले स्तरों में से एक है। इस गिरावट का एक प्रमुख कारण अर्थव्यवस्था को लेकर बढ़ती असंतुष्टि प्रतीत होती है। ईंधन की बढ़ती कीमतें कई अमेरिकियों के लिए एक प्रमुख मुद्दा बन गई हैं। केवल लगभग 25% लोगों ने कहा कि वे ट्रम्प द्वारा जीवन यापन की लागत को नियंत्रित करने के तरीके से संतुष्ट हैं। उनके आर्थिक नेतृत्व पर भी भरोसा कम है, केवल 29% लोगों ने ही उन्हें समर्थन दिया है। यह रेटिंग जो बाइडेन के राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान देखी गई रेटिंग से भी कम है, जो इस बात को रेखांकित करती है कि मतदाताओं के लिए आर्थिक चिंताएं कितनी गंभीर हो गई हैं।

ईरान के साथ जारी संघर्ष जनमत को प्रभावित करने वाला एक अन्य कारक है। अमेरिकी सैन्य हमलों के समर्थन में थोड़ी गिरावट आई है, अब केवल 35% लोग ही इसके पक्ष में हैं, जबकि बहुमत (61%) इसके खिलाफ है। कई अमेरिकी दीर्घकालिक परिणामों को लेकर भी चिंतित हैं। सर्वेक्षण में शामिल लगभग आधे लोगों का मानना ??है कि यह संघर्ष भविष्य में संयुक्त राज्य अमेरिका को कम सुरक्षित बना सकता है।

# कराची जा रहे जहाज को ईरान ने लौटाया

**पश्चिम एशिया**

**पश्चिम एशिया** में तीव्र युद्ध के बीच एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, ईरान ने बुधवार को कराची जा रहे एक जहाज को महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति न मिलने के कारण वापस भेज दिया। काबुल स्थित ईरानी दूतावास ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया कंटेनर जहाज 'सेलेन' को आईआरजीसी नौसेना ने कानूनी प्रोटोकॉल का पालन न करने और होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति न मिलने के कारण वापस भेज दिया। बयान में आगे कहा गया, कि इस जलमार्ग से किसी भी जहाज के गुजरने के लिए ईरान के समुद्री प्राधिकरण के साथ पूर्ण समन्वय आवश्यक है। गौरतलब है कि होर्मुज जलडमरूमध्य जो वैश्विक तेल और गैस व्यापार का लगभग पांचवां हिस्सा है और एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है - पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण लगभग ठप्प हो गया है। इस बीच, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) नौसेना ने भी पुष्टि की कि उसने हस्तक्षेप किया क्योंकि जहाज 'कानूनी प्रोटोकॉल' का पालन करने में विफल रहा था। रियर एडमिरल अलीरेजा तंगसिरी ने एक बयान में कहा कि जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति न लेने के कारण जहाज को वापस भेज दिया गया था।

# हाफिज सईद की मुंहबोली बहन, जिसने सबके सामने काटी गाय, भारत की सबसे खतरनाक महिला को मिली बड़ी सजा

**पाकिस्तान**

दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट स्थित एनआईए की विशेष एक अदालत ने कश्मीरी अलगाववादी संगठन 'दुख्तरान-ए-मिल्लत' की प्रमुख आसिया अंद्राबी को देश के खिलाफ अपराधों की साजिश रचने के जुर्म में उम्रकैद की सजा सुनाई। इस मामले में उनकी दो साथियों सोफी फहमीदा और नाहिदा नसरीन को भी 30 साल की कैद की सजा दी गई। एडिशनल सेशन जज चंदर जीत सिंह ने गैर-कानूनी गतिविधियां



(रोकथाम) अधिनियम की धारा 18 और आईपीसी की धारा 121-अ के तहत अपराधों के लिए सजा का ऐलान किया। ये धाराएं भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने की साजिश रचने से संबंधित हैं। एनआईए ने विशेष रूप से अंद्राबी के लिए उम्रकैद की सजा की मांग की थी। उसने तर्क दिया था कि जो लोग देश के खिलाफ साजिश रचते हैं, उन्हें एक कड़ा संदेश देना बेहद जरूरी है। 2018 में पकड़ी गई आसिया अंद्राबी को दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आतंक से जुड़े मामले में अजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसकी दो सहयोगियों सोफी फहमिदा और नाहिदा नसरीन को 30-30 साल की सजा दी गई है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# पहले दी चेतावनी, फिर अमेरिका के अब्राहम लिंकन पर दनादन दाग दी मिसाइलें, ट्रंप के बड़े-बड़े दावों का ईरान कर रहा तगड़ा इलाज

**ईरान**

**सरकारी** मीडिया के मुताबिक, ईरान ने बुधवार को यूएसएस अब्राहम लिंकन पर मिसाइलें दागीं। यह हमला ईरान द्वारा क्षेत्र में अमेरिकी गतिविधियों, विशेष रूप से अमेरिकी विमानवाहक पोत की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने की बात कहने के कुछ ही समय बाद हुआ है। ईरान के नौसेना कमांडर ने कहा था कि अमेरिकी बेड़े का पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन ईरान की निरंतर निगरानी में है और जैसे ही विमानवाहक पोत ईरान की मिसाइल प्रणाली की सीमा में आएगा, उसे निशाना बनाया जाएगा।

हंगरी यूक्रेन को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बंद करेगा

ईरान-अमेरिका युद्ध के लाइव अपडेटः प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन ने बुधवार को घोषणा की कि हंगरी, रूस द्वारा द्रुजबा पाइपलाइन के माध्यम से तेल की आपूर्ति फिर से शुरू होने तक यूक्रेन को गैस की आपूर्ति धीरे-धीरे बंद कर देगा। एपी के अनुसार, हंगरी का प्राकृतिक गैस निर्यात यूक्रेन की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यूक्रेनी अधिकारियों का कहना है कि रूसी ड्रोन हमलों में पाइपलाइन को नुकसान पहुंचने के बाद हंगरी और स्लोवाकिया को रूसी तेल की आपूर्ति लगभग दो महीने से रुकी हुई है।



पाकिस्तान ने ट्रंप की 15 सूत्री योजना ईरान को सौंप दी

एपी और रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान ने कथित तौर पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 15 सूत्री योजना ईरानियों को सौंप दी है। इजरायली मंत्री का कहना है कि ट्रंप और नेतन्याहू ईरान के साथ बातचीत का 'संयुक्त प्रबंधन' कर रहे हैं। इजरायल के अर्थव्यवस्था मंत्री नीर बरकत ने बुधवार को कहा कि उनका मानना है

कि ट्रंप और नेतन्याहू बातचीत की वास्तविकता को लेकर स्पष्ट विरोधाभासों के बावजूद संयुक्त रूप से स्थिति का प्रबंधन कर रहे हैं। इजरायली सार्वजनिक प्रसारक कान न्यूज पर बोलते हुए बरकत ने कहा कि ईरान के साथ किसी भी समझौते में तेहरान की कोई भी शक्ति शेष नहीं रहनी चाहिए, जिससे अमेरिका और इजरायल का पलड़ा भारी रहे। उनके हवाले से कहा गया, "एक तरफ ट्रंप उनसे बातचीत कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ खाड़ी देशों में सेना भी भेज रहे हैं।

सऊदी अरब ने पूर्वी क्षेत्र में तीन ड्रोन रोके

ईरान-अमेरिका युद्ध के लाइव अपडेटः सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, बुधवार को सऊदी अरब ने पूर्वी क्षेत्र में तीन ड्रोन रोके।